प्रिय जनपद वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 346 पृष्ठ 16 मूल्य 3.00 1

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 01 जनवरी 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## KRIYA YOGA - HIGHWAY TO GOD REALIZATION

## नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



*श्रद्धये श्री आत्मन्*

आइये ! नव वर्ष का स्वागत इस सद्भावना के साथ करें कि यह वर्ष एक ऐसी शक्ति लाये, एक ऐसा ज्ञान लाये, ऐसा माहौल बनाए की पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'एकोअहंबहुष्यामि' से प्रस्फुटित हो उठे। युग–युग में हमारा आपका साथ 'वसुधैव कुटुंबकम' की सच्ची अनुभूति में लीन रहने के लिए हो व आपका आभामंडल आध्यात्मिक शक्ति से निरंतर सुरक्षित रहें ।

हृदय के अनंत प्रेम एवं आशीर्वाद के साथ,
स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग से सैम्यक् जुड़ने पर स्पष्ट अनुभव होता है कि प्रतिपल प्रतिक्षण नवदिवस है। यह अनुभव होते ही हिंसा तथा द्वैत की भावना समाप्त हो जाती है और हम सभी प्रकार के अज्ञानता, अभाव और कष्टों से मुक्त हो जाते हैं। वर्तमान काल में यह सिद्ध हो चुका है कि जो क्रियायोग से सम्यक् तरह से जुड़ जाते है, वे जीवन व मृत्यु के रहस्य को जान लेते हैं और दोनों पर अपना पूर्ण अधिकार प्राप्त कर लेते हैं।

प्रयागराज में निर्मित पवित्र गंगा की धारा के निकट स्थापित तथा सेवारत क्रियायोग आश्रम एवं अनुसन्धान संस्थान का यह संकल्प है कि सम्पूर्ण मानव जाति को क्रियायोग के पुष्पक विमान सदृश्य वायुयान में बैठाकर उस दिशा की ओर ले जायेंगे जिस तरफ चलते रहने पर मानव को नित्य नवीन ज्ञान–शक्ति–शान्ति–परम आनन्द की अनुभूति होती रहेगी। यह भी सिद्ध हो चुका है कि क्रियायोग से सम्यक् जुड़ने पर मानव के अंदर से ऐसी तरंगें निकलती हैं जिससे मानव जाति, जन्तु–जगत, वनस्पति जगत, अण–परमाणु जगत तथा उर्जा जगत को निरन्तर सुख व शान्ति बढ़ते हुए क्रम में मिलती रहती हैं



*Dear Divine One,*

With the opening of the New Year, let the lotus petal of our Divine Cave open & radiate the fragrance of Truth & Non-Violence.
Unceasing practice of Kriyayoga brings Oneness with Truth & Non-Violence through which we realize our Omnipotent Existence as Liberated Soul.

www.Youtube.com/YogiSatyam | www.Kriyayoga-YogiSatyam.org | Contact@Kriyayoga-YogiSatyam.org

## खबर संक्षेप



### कुपोषित बच्चो को सुपोषित बनाने में माताओं का अहम योगदान

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा ग्रामपंचायत रामनगर में शुक्रवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा आयोजित कुपोषित बच्चों को अच्छी सुविधा देकर सुपोषित बनाने के बाद उन बच्चों को खेल प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ उनकी माताओं को भी सम्मानित किया गया।

# अवसान हिन्दी फिल्म के निर्माता हरि शंकर शर्मा काशी फिल्म महोत्सव में हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** फिल्म फेस्टिवल यूपी सरकार द्वारा काशी फिल्म महोत्सव में हिन्दी फीचर फिल्म अवसान के निर्माण हरिशंकर शर्मा ( पप्पू भैया जी ) को सम्मानित किये जाने पर क्षे. के लोगों का बधाई देने का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र के ग्राम कठौली निवासी एवं वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भैया जी) के कुशल निर्देशन में प्रयाग मीडिया के बैनर तले निर्मित हिन्दी फीचर फिल्म अवसान सन 2020 ई0 में रिलीज हुई जो फिल्म जगत के साथ-साथ दर्शको में काफी लोकप्रिय साबित हुई है। गौरतलब है टेक्निकल एजूकेशन के बेरोजगार नवयुवकों पर आधारित हिन्दी फिल्म अवसान की निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए फिल्म फेस्टिवल यूपी सरकार द्वारा बनारस में आयोजित काशी फिल्म महोत्सव में बीते 28 दिसम्बर को भारत सरकार केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा फिल्म निमार्ता हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भैया जी) को साढ़े तेरह लाख के चेक से पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया।बता दें कि काशी फिल्म महोत्सव में सम्मानित होने पर श्री शर्मा काफी गौरवान्वित है। उन्होनें बताया कि इस फिल्म का मूल उद्देश्य सरकार मे बड़े पदों पर बैठे नेताओं का ध्यान बेरोजगारी के प्रति आकृष्ट कराना है। श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में फिल्म अवसान के अलावा एमएक्स प्लेयर हंगामा एवं एयरसेल सभी फिल्में विभिन्न चैनलों पर दिखाई जा रही है। इस मौके पर फिल्म बंधु के चैयरमैन राजमू श्रीवास्वत रविकिशन सांसद गोरखपरु, हेमा मालिनी सांसद, तेरे नाम फिल्म के डारयेक्टर सतीश कौशिक के अलावा फिल्म इडस्ट्री के तमाम बडी हस्तियॉ मौजूद रही।

फिल्म अवसान की निरंतर दर्शकों में बढ़ रही है लोकप्रियता



काशी फिल्म महोत्सव में हरि शंकर शर्मा को सम्मानित करते केन्द्रीय मंत्री

## सभी एकजुट हो जाए मोदी योगी अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करें

**प्रतापपुर।** भाजपा-अपना दल गठबंधन के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे कैप्टन करन सिंह लगातार प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में जाकर लोगो का आशीर्वाद ले रहे है। अनुवां, भेलखा, सोरों, मणिपुर, महुवाकोठी में जनसंपर्क करते हुए लोगों से कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है क्षेत्र की सेवा करना मेरा नैतिक अधिकार है।आप लोगो का साथ मेरा प्रयास मिलकर प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का चहूँमुखी विकास करेंगे ग्रामीणों ने कैप्टन करन सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान लोगो को संबोधित करते हुए कहा आप सभी एकजुट हो जाए मोदी योगी अनुप्रिया के हाथों को मजबूत करें उन्होंने आगे कहा जो गलती पिछली बार हुई थी उसे इस बार दुहराना नही है ऐसे स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोगो को प्रतापपुर से खदेड़ना है सत्ता पक्ष का विधायक क्षेत्र का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास कर सकता है पुनः योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने वाली है आप लोग मुझे आशीर्वाद दिजिए। इस अवसर पर भाईलाल बिंद, भगेलूराम पटेल, नंदलाल पटेल, धर्मराज पटेल ग्राम प्रधान, छोटे कुरेशी ग्राम प्रधान मणिपुर, दीपक बिंद, मुन्ना सिंह, कुणाल चतुवेर्दी, अनुज सिंह, विनय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# मैराथन दौड़ बालिका वर्ग में नीतू कुमारी बालक वर्ग में उमेश कुमार ने मारी बाजी

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व चित्रकला एवं प्रतियोगिता के साथ कोरांव महोत्सव का हुआ आगाज

अखंड भारत संदेश

**रत्योराज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 20 वें कोरांव का आगाज कोरांव मैराथन दौड़ व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा सामान्य ज्ञान एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ किया गया। कोराव मैराथन दौड़ जो सरदार पटेल इंटर कॉलेज के पास आईसर ट्रेक्टर एजेंसी कोरांव बाजार तक आयोजित थी दौड़ को तहसीलदार को राम डॉक्टर विशाल कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ बालक वर्ग की प्रतियोगिता में गोगांव मिजार्पुर के रहने वाले उमेश कुमार निषाद पुत्र रामलोचन ने प्रथम, शुभम पांडेय पुत्र अशोक कुमार पांडेय निवासी सेमरी जिरौहां द्वितीय, सत्यम पाठक पुत्र महेश पाठक निवासी मिजार्पुर तृतीय, अजय यादव निवासी बेलवनिया चतुर्थ व सत्यम मिश्रा अमाव चाकघाट मध्य प्रदेश ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में नीतू कुमारी पुत्री घनश्याम निवासी कर्नलगंज प्रयागराज प्रथम, स्वाति मिश्रा पुत्री संतोष कुमार मिश्रा निवासी पथरताल द्वितीय, पूनम सिंह निवासी कोसफरा कला कोरांव तृतीय, संजू कुमारी निवासी वैदवार कोरांव चतुर्थ एवं सरिता सिंह निवासी हरदिहा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कोराव महोत्सव आयोजन समिति की ओर से चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। शुक्रवार को कोरांव बाजार के राज शिशु शिक्षा सदन स्कूल में सुबह 11 बजे से लेकर 12:30 बजे तक प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात महोत्सव स्थल संस्कृत पाठशाला प्रांगण कोरांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते हुए दवाएं प्राप्त की। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुकृत अस्पताल कोरांव की ओर से लगाया गया। जहां डॉक्टर आरके कुशवाहा की टीम के द्वारा आए हुए मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं।



मैराथन का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

## दीन दुखियों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म : ब्लॉक प्रमुख

**जंघई।** विगत 15 वर्षों से जरियारवीर बाबा के प्रांगण में सुंदरकांड का आयोजन करके अपने निवास स्थान दीन दुखियों के मध्य पर कंबल वितरण करने वाले इंद्रमणि पांडेय बट्टर एवं उनकी पत्नी निवर्तमान प्रधान मंजू पांडेय द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम जरूरतमंदों के मध्य 351 कंबल वितरण मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव एवं विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता शरद उपाध्याय एवं संजय तिवारी के हांथों किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव ने कहा कि मानवता उस भाव का नाम है जब कोई व्यक्ति दूसरे को दर्द में देखकर दुखी हो जाता है और दूसरों को सुखी देखकर खुश हो जाता है। मानवता ही एक ऐसा भाव है जिसके कारण मनुष्य दूसरे के हित में कार्य करता है। प्राचीन काल से ही यह कहा जाता है कि मनुष्य को असहायों दीन दुखियों पर परोपकार करना चाहिए और दूसरों की मदद करनी चाहिए। मानवता और परोपकार ही ऐसे भाव है जिनकी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव है लेकिन यह हर व्यक्ति में नहीं पाया जाता है। संजय तिवारी ने कहा कि मानवता का भाव रखने वाला व्यक्ति निस्वार्थ होकर दूसरों की मदद करता है और दूसरे के हित के लिए कार्य करता है। गरीब मजदूर पीड़ितों के हित में सोचना, विपदा में मदद करना, सबके साथ मिल जुलकर रहना, प्रेम और भाईचारे की भावना ही मानवता है इस अवसर पर सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं कंबल पाकर हर्षित ग्रामीण मौजूद रहे।



## कार्यालय नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांकः 1012/न.प.स.शंकरगढ़ 2021-22 दिनाक 30 दिसम्बर 2021

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर

नगर पंचायत सीमान्तर्गत सम्मातिन व्यक्तियों/संस्थाओं को इस अपील के साथ अवगत करान है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 हेतु नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज द्वारा घोषित स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर की सूची निम्नवत हैः-

| क्रमांक | स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर का नाम | मोबाइल नं. | व्यवसाय/पद |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सुजीत कुमार केसरवानी | | सभासद |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत शंकरगढ़
प्रयागराज

समस्त सम्मानित सदस्यगण
नगर पंचायत शंकरगढ़
प्रयागराज

अध्यक्ष
नगर पंचायत शंकरगढ़
प्रयागराज


### पांच जनवरी को होगा फ्लाईओवर का शिलान्यास कार्यक्रम

**जसरा।** प्रयागराज सांसद डॉ०रीता बहुगुणा जोशी तथा विधायक बारा डॉ० अजय कुमार के लगातार विशेष अनुरोध पर जसरा फ्लाईओवर के निर्माण एवं शिलान्यास का कार्यक्रम 5 जनवरी 2022 को सड़क एवं परिवहन मंत्री केंद्र सरकार नितिन गडकरी एवं केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा श्रृंगवेरपुर में किया जाएगा। इस फ्लाईओवर के बनने से क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं प्रमुख समस्या से हमेशा के लिए क्षेत्रवासियों को निजात मिल जाएगी। फ्लाईओवर के निर्माण की खबर से क्षेत्रवासियों में काफी हर्ष व उल्लास का माहौल है।

# शंकरगढ़ पहुंची हाईटेक इलेक्ट्रिक बस, लोगों ने बांटी मिठाई

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ से शहर के बीच चलने वाली सिटी बस की सेवा के प्रभावित होने से परेशान चल रहे शंकरगढ़ के लोगों को नये साल के पहले ही अनमोल तोहफा मिल गया। शुक्रवार को प्रयागराज के बैरहना से चलकर जैसे ही इलेक्ट्रिक बस शंकरगढ़ पहुंची, लोग खुशी से झूम उठे। बस आने की खुशी में लोगों ने मिठाई भी बांटी। 31 दिसंबर को सुबह जैसे ही इलेक्ट्रिक बस शंकरगढ़ पहुंची, रामभवन स्टेटा पर स्थानीय लोग जमा हो गए। रायल युवा संगठन, व्यापार मंडल समेत नगरवासियों ने नई बस सेवा शुरू किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए योगी सरकार का आभार जताया। समाजसेवी सुधा गुप्ता ने बताया कि पूरी तरह से वातानुकूलित, आटोमेटिक सुविधा से युक्त यह बस प्रयागराज से सुबह साढ़े छह बजे से चलेगी। शंकरगढ़ के लिए तीन बसें लगाई गई हैं। प्रत्येक एक घंटे पर इनका संचालन होगा। जबकि वापसी में यही बसें रामभवन चौराहे पर 15 मिनट का स्टाप लेंगी। इस बस में चार सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बस रोकने के लिए एलार्म, विकलांगों के लिए लिफ्ट, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था दी गई है। 28 सीटर बस में दरवाजे भी आटोमेटिक हैं। रामभवन चौराहे पर जुटे लोगों ने बस संचालन के लिए मोदी-योगी सरकार, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विधायक डा.अजय कुमार और जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती का आभार जताया। इस मौके पर सुरेश केसरवानी ओमशांति, पंकज गुप्ता, विजयबाबू गुप्ता, त्रियुगीकांत मिश्र, संदीप केसरवानी, नितेश केसरवानी, जय केसरवानी, बंटी केसरवानी, राजकुमार, अनुज केसरवानी, अरविंद केसरवानी, रवि आदि मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय प्रधान संगठन मिलेगा मुख्य सचिव व सीएम से

### यदि प्रधानों के अधिकार कर्तव्य पर अमल नहीं हुआ तो दे दूंगा त्याग पत्र : शहजादे

**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक कोरांव ने अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और सात सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी कोराव को सौंपा गया। मांग पत्र में प्रधानों के प्रदत्त अधिकारों का तहसील,ब्लॉक,आपूर्ति विभाग,पुलिस विभाग आदि के अफसरों द्वारा कार्यवाही प्रस्ताव मांग पत्र तथा शिकायतों पर कार्यवाही न किया जाना तरजीह न दिया जाना,ग्राम सचिवों की मनमानी और शोषण तथा प्रस्ताव के मुताबिक क्रियान्वयन न किया जाना,डोंगल सचिवों के पास रखा जानाअपूर्ण सौंचालयों के सफाई कर्ता,रखरखाव का भुगतान रोका जाना,तीन ग्राम सचिवों क्रमशः आनंद मोहन सिंह,समर जीत कैथल,सत्येंद्र कुमार पांडेय की मनमानी के दृष्टिगत तत्काल स्थानांतरण किया जाना,आदि कई समस्याओं को ले कर प्रधानों ने एक बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि यदि ब्लॉक तथा जिले के अधिकारी उक्त सचिवों को नहीं हटाते,मांगों को पूरा अविलंब नहीं करते तो चार जनवरी 2022 को ब्लॉक मुख्यालय पर ताला बंदी कर दी जाएगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बी डी ओ तथा ए डी ओ पी कोराव की होगी। उन्होंने कहा कि या फिर संबंधित अधिकारी कर्मचारी ही प्रधानों का प्रभार संभालें। शहजादे ने कहा की एक तरफ सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना चाहती है वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों द्वारा सिकायतो के बाद भी कोटेदारों पर कार्यवाही न कर तहसील और आपूर्ति विभाग के अधिकारी स्वार्थ के चलते उन्हें बचाने का कार्य कर रहे हैं। शहजादे ने लिखित रूप से उप जिलाधिकारी कोरांव मंडलायुक्त प्रयागराज,जिलाधिकारी प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को पत्र दे कर चेतावनी दिया कि यदि भ्रष्ट कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध निरस्तीकरण और सरकारी भू अतिक्रमण में कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो सात जनवरी 2022 को ट्याग पत्र संगठन से दे दूंगा। साथ ही इन्ही मांगों को ले कर संगठन प्रदेश कमेटी से वार्ता कर सीधे मुख्य सचिव लखनऊ तथा प्रमुख सचिव पंचायतीराज विभाग अथवा मुख्य मंत्री से मिल कर उप जिलाधिकारी आपूर्ति विभाग आदि के मनमाने कार्य शैली की शिकायत करेगा। रामानुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि चार जनवरी के पूर्व ब्लॉक विकास अधिकारी मांगें पूरी नहीं करते तो सीधे ब्लॉक मुख्यालय पर ताला लगा दिया जायेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी ब्लॉक अधिकारियों की होगी। अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत अल्हवा में उचित दर विक्रेता के मनमानी अनियमितता को लेकर खुली बैठक में निर्णय लेकर उच्च स्तरीय शिकायतें की। जिसकी जांच होने के बावजूद एस डी एम कोराव द्वारा आरोप पत्र महीनों से जारी करके बचाने का कार्य कर रहे हैं जबकि सासन स्तर से भी निर्देश निर्गत हुए हैं। तहसील अधिकारी आपूर्ति अधिकारी भ्रष्ट्राचार में लिप्त हो गए हैं। संगठन ने एस डी एम के भी खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बैठक और प्रदर्शन में मंत्री प्रयागराज मंडल शहजादे,संगठन मंत्री दिलीप सोनी,ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज यादव,देवराज सिंह,हरिहर सिंह पटेहरी,सुशील कुशवाहा सिकरो,मालती सिंह सिपउआ,प्रभाकर वर्मा गणिया मुरलीपुर,विश्व विजय सिंह जादीपुर,सद्दाम पैंतीहा,शिवलाल कनोजिया देवघाट,प्रतिमा सिंह खीरी रामगढ़,मुरारी लाल मौर्य,महुली,विमल चंद्र मौर्य पियरी,देवीदयाल मिश्र टुंडियार,विजय बहादुर भोगन,मांडवी सिंह कुकरहटा,नीरज सिंह देवरी,संगम लाल सिरोखर आदि रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत बेदों वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत बेदों विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31-12-2021 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बेदों में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 12-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 12-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय बेदों में टाईल्स एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख | 1 माह |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय नारे पर मरम्मत कार्य | 1.00 लाख | 1 माह |
| 3. | प्राथमिक विद्यालय नैनुआ में जल निकासी नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 2.00 लाख | 1 माह |
| 4. | महावीर के घर से शिवपाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.00 लाख | 2 माह |
| 5. | यादव बस्ती में राजेश के घर के पास से नाले तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 1.00 लाख | 2 माह |

संगीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेदों
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बेदों
वि0 ख0 करछना प्रयागराज




## कार्यालय ग्राम पंचायत रैपुरा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत रैपुरा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 29-12-2021 से दिनांक 05-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत रैपुरा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | शिव बहादुर के खेत से जवाहर के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 4.80 लाख | 2 माह |
| 2. | सरकारी नलकूप से लाल बहादुर के खेत तक सिंचाई पक्की नाली कार्य | 6.80 लाख | 2 माह |
| 3. | सरकारी नलकूप से अर्जुन गुप्ता के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 2.45 लाख | 1 माह |
| 4. | राम किशुन के घर से पक्की सड़क तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 4.50 लाख | 2 माह |
| 5. | बृजमोहन के घर से लाल जी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.40 लाख | 2 माह |

शिव कुमारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रैपुरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

अब्दुल वारी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रैपुरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

प्रिय जनपद वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 346 पृष्ठ 16 मूल्य 3.00 3

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 01 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट









## खबर संक्षेप

### रामगढ महोत्सव व पूषी तेरस मेले का हुआ विधिवत पूजन व भव्य अगाज

**नैनी।** मुनापार के शंकरगढ ब्लाक स्थित अति प्राचीन प्रसिद्ध रामगढ धाम मे शुक्रवार को रामगढ महोत्सव व पूषी तेरस मेले का बिधिवत शुभारम्भ रामगढ पर्यटन विकास समिति द्वारा स्थानीय कार्यकर्ताओ व पंचायत प्रतिनिधियो की लोक भागीदारी से हुआ। शनिवार को धाम के पुनरोधारक व मार्गदर्शक सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर की विशेष उपस्थिती मे विविध लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन आयोजित होंगे।. रामगढ महोत्सव की शुरवात 2017 मे समाज शेखर के मार्गदर्शन मे हुआ . जिसका संयोजन महासचिव के रुप मे स्थानीय प्रसिद्ध सामाजिक नेता स्मृति शेष राम भवन सिंह करते रहे . हाल ही मे उनके निधन के पश्चात समिति के पदाधिकारीयो ने इस महोत्सव को अनवरत आयोजित करने के संकल्प लिया .अध्यक्ष इन्द्र भान सिंह व सह महासचिव सचिन सिंह के देखरेख मे प्रसिद्ध शिवलिंग का बिधिवत पूजन करके कार्यक्रमो का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर शिव धाम मे श्री राम जी के जीवन व कृतित्व पर चर्चा भी हुई ।पूषी तेरस के मुख्य पर्व के दिन लोक गायिका प्रिया द्विवेदी व साथियो द्वारा विविध प्रस्तुतियां दी जायेगी।. वहीं सुप्रसिद्ध कवियत्री रेनू मिश्रा की अध्यक्षता मे कवि सम्मेलन आयोजित होगा . जिसमे नामी स्थानीय व राष्ट्रीय कवि गण प्रतिभाग करेंगे।

# कीडगंज गोलीकांड में भाजपा विधायक के रिश्तेदार की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कीडगंज में भाजपा विधायक संजय गुप्ता के बहनोई व चाट कारोबारी संदीप उर्फ भोले गुप्ता और भाई विशाल गुप्ता उर्फ राजन के ऊपर गुरुवार को बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शुक्रवार की भोर में घायल राजन गुप्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। बवाल की आशंका को देखते हुए पूरा मुहल्ला पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। अस्पताल से शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया है। मौके पर पूरे जिले की पुलिस फोर्स पहुंच गई है।बता दें कि कीडगंज में भाजपा विधायक संजय गुप्ता के बहनोई व चाट कारोबारी संदीप उर्फ भोले गुप्ता (48) पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इसमें वह और उनके भाई विशाल उर्फ राजन (36) के अलावा ग्राहक रामजी (52) और वहां से गुजर रहा छात्र नारायण तिवारी (18) जख्मी हो गए।सभी को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां राजन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। शुक्रवार की भोर में उपचार के दौरान राजन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उधर घटना से आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड़ के बाद एक मकान को आग के हवाले कर दिया। गोलीबारी करने का आरोपी आबकारी विभाग का निलंबित सिपाही घटना के बाद से अपने साथी समेत फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### शव सड़क पर रखकर लोगों ने लगाया जाम



मौत के बाद शव सड़क पर रखकर जाम का दृश्य।

### सीसीटीवी फुटेज आया सामने, दौड़ाकर मारी थी गोलियां

इस घटना में एक खास बात यह रही कि जांच की बात कहकर जिस सीसीटीवी फुटेज को मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर बेहद गोपनीय बताते रहे। वह देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फुटेज में घटना की तस्वीर पूरी तरह से कैद है। जिसे देखने से पता चलता है कि विधायक के बहनोई संदीप व उनके भाई राजन को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी गई। 31 सेकंड के इस फुटेज की शुरूआत में दोनों भाइयों से आरोपियों की नोकझोंक होते दिखाई देती है। इसके बाद अचानक एक युवक पिस्टल निकाल लेता है और देखते ही देखते फायरिंग शुरू कर देता है। दोनों भाई बचने के लिए भागते हैं तो आरोपी दौड़ाकर उन पर गोलियां बरसाता है। गोली लगने के बाद एक भाई जमीन पर गिर पड़ता है तो वह दूसरे पर गोलियां बरसाने लगता है। इसके बाद वह वापस आकर दूसरी ओर जमीन पर गिरे भाई पर एक और गोली दागता है। फिर वह गली की ओर भाग निकलता है। इस दौरान मौके पर मौजूद एक अन्य युवक के हाथ में भी असलहा दिख रहा है। हालांकि उसने फायरिंग की या नहीं, यह फुटेज से साफ नहीं है।

# जसरा में कोटे के अनाज गोदाम से लाखों का अनाज व तेल हुआ चोरी

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** नवीन मंडी स्थल जसरा पर स्थित एफसीआई गोदाम में रखा उचित मूल्य दर के अनाज को बीती रात चोरों ने पार कर दिया। गोदाम प्रभारी एमआई ने घटना की लिखित तहरीर घूरपुर पुलिस को दी है । जसरा नवीन मंडी स्थल पर भारतीय खाद्य निगम की ओर से एक नया गोदाम बनाया गया है। जिसमें कोटेदारों को बांटने के लिए कोटे का अनाज तेल आदि रखा रहता है। बारा क्षेत्र के सभी कोटेदारों को इसी गोदाम से अनाज व तेल आदि का वितरण किया जाता है। गोदाम में उपस्थित संविदा कर्मी अनुराग सिंह ने बताया कि गुरुवार की शाम को वह गोदाम के शटर में ताला लगा कर घर चले गए। शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे जब गोदाम पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला गायब है तथा शटर खुला हुआ है। गोदाम के अंदर जाने पर पता चला कि गोदाम से 9 बोरी चना,120 लीटर रिफाइंड तेल,13 बोरी गेहूं व 19 बोरी चावल चोरी हो गया है। जबकि अनाज की बोरियां गोदाम में इधर-उधर बिखरी हुई पड़ी रहीं। कर्मचारियों के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई गई। गोदाम के पीछे का शटर अंदर से खोलकर पीछे से चोर सभी सामान उठा ले गए। चोरी की घटना की जानकारी होते ही मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने सबसे पहले डायल 112 को फोन करके बुला लिया। जानकारी पर पहुंची घूरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मार्केटिंग इस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की लिखित तहरीर घूरपुर पुलिस को दे दी गई। वहीं घूरपुर पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है। बता दे कि मंडी में नहीं है कोई चौकीदारएम आई विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गोदाम की निगरानी के लिए कोई भी चौकीदार नहीं है। बिना चौकीदार के ही ब्यवस्था किसी तरह चल रही है।

# एसआरएन अस्पताल में आंदोलित जूनियर डॉक्टर काम पर लौटे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एसआसरएन अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों के काम पर वापस लौटने से दूर दराज से आने वाले मरीजों को काफी राहत मिली है ' एसआरएन अस्पताल में धरने पर बैठे जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को काउंसिलिंग की मांगों के समर्थन में जूनियर डॉक्टर काफी दिनों से अस्पताल परिसर में धरने पर थे।कार्य बहिष्कार समाप्त होने के बाद अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी सहूलियत मिली जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सर्वेश पाठक ने बताया कि ओमिक्रॉन का खतरा ज्यादा बढ़ गया है और हम नहीं चाहते है कि किसी मरीज को कोई असुविधा हो। शासन से सकारात्मक जवाब मिलने के बाद हम स्टेट के पदाधिकारियों के निर्देशन के बाद यहां धरना स्थगित कर रहे हैं।

### नहीं पूरी हुई मांग तो करेंगे पुनः विचार

अध्यक्ष डॉ. सर्वेश ने बताया कि शासन की ओर से बताया गया है कि छह जनवरी तक हमारी मांगों पर फैसला लिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद भी यदि हमारी मांगें नहीं पूरी होती है तो हम पुनः विचार करेंगे। उन्होंने कहा शुक्रवार की सुबह से हम सभी जूनियर डॉक्टर अपने डिपार्टमेंट में जाकर मरीजों का इलाज करना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग न होने की वजह से डॉक्टरों की कमी बनी हुई और सरकार को इस दिशा में गंभीरता से लेना चाहिए और जल्द से जल्द से काउंसिलिंग कराने की आवश्यकता है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

### मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से मंझनपुर तक निकाली गई

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से तहसील मंझनपुर तक निकाली गयी। रैली के माध्यम से जनपदवासियों को लोकतन्त्र में मतदान का महत्व एवं मतदान के प्रति जागरूक कर आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रैली में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




रैली को हरी झंडी दिखाते अधिकारी

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी स्वीप शशिकांत त्रिपाठी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### नगर पंचायत प्रशासन द्वारा 30 स्थानों पर की गई अलाव की व्यवस्था



**अझुवा कौशांबी।** शीत लहर और ठंड से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने सोमवार को कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में कुल 18 स्थानों पर अलाव जलवाए। दो दिन पहले हुई छिटपुट बारिश और पछुवा हवा चलने से अचानक तापमान घट गया है ठंड का जबरदस्त प्रकोप चल रहा है शीत लहरी से लोग जूझ रहे हैं बीते कल दिन में थोड़ा धूप निकलने से लोग राहत महसूस कर रहे थे आज तो सूर्य के दर्शन भी नही हुए,शाम ढलते ही ठंड का प्रकोप बढ़ जाता है । नगर पंचायत अझुवा अधिशाषीअधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया शासन के आदेशानुसार नगर पंचायत के विभिन्न चौराहों वार्डों में अलाव की व्यवस्था की गयी है नगर पंचायत अझुवा एक बड़ी गल्ला ,सब्जी मंडी है जहां पर दूर-दूर से लोग लोगों का आना जाना लगा है अलाव जलने से लोगों को ठंड से राहत मिलेगी अधिशासी अधिकारी ने कहा जनता को कोई परेशानी न हो इस बाबत प्रशासन हर सम्भव प्रयास कर रहा है कस्बे के मुख्य स्थलों व सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाए गए हैं साथ ही यदि किसी यात्री -मुसाफिर को रात्रि हो जाए तो उसके लिए वार्ड नं-11 में स्थित रैन बसेरे में रहने के लिए सुगम व्यवस्था की गई है ।ताकि इस कड़ाके की ठंड में लोगों को असुविधा न हो।

### अधिकारी की गाड़ी को मारी टक्कर



**कोखराज कौशाम्बी।** प्रयागराज से कड़े शीतला माता के दर्शन करने जा रहे एक पुलिस अधिकारी की गाड़ी को ४स्र 70 ९ 7874 बोलैरो ने कोखराज थाना क्षेत्र के चौराहे के पास जोरदार टक्कर मार दी है हादसे में अधिकारी की गाड़ी का टायर फट गया और सड़क किनारे मिट्टी के दलदल में वह फंस गई है हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है सूचना पाकर कोखराज पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है इस हादसे में किसी को चोट नहीं है।

### नेवादा के ईट भट्ठे से बालक गायब



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के नेवादा के एक ईंट भट्ठा में मजदूरी करने आया एक मजदूर भट्ठे से गायब हो गया है बताया जाता है कि भट्ठा मजदूर मानसिक विक्षिप्त भी है भट्ठा मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी है बताया जाता है कि यह लड़का जिसका नाम सुनील पुत्र चतुर छतरपुर मध्य प्रदेश मोनू ईंट उद्योग अमवा, नेवादा में कच्ची ईंट ढोने के लिए आया था दिनांक 27-12- 2021 को बालक ईट भट्ठा से गायब हो गया है भट्ठा के मजदूरों ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है इलाके के लोगों ने बताया कि ईट भट्ठे से गायब बालक यमुना नदी के किनारे बालू घाट पर लोगों को दिखाई पड़ा है भट्ठा मालिक तीरथ प्रसाद उर्फ गोल बाबू ने कहा कि जिस व्यक्ति को यह लड़का दिखाई पड़े कृपया निम्न मोबाइल नंबर पर टङ्क.ल्लङ्क.- 9792 0 75750/ 9984 5062 31/ 9111057487 पर संपर्क कर मजदूर के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं।

# जिलाधिकारी द्वारा आशा कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन का किया गया वितरण

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में आशा कार्यकत्री बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आशाओं का सम्मेलन एवं 80 हजार मोबाइल फोन वितरण अभियान का शुभारम्भ कर आशाओं को मोबाइल फोन का वितरण किया। इसका सजीव प्रसारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित आशाओं ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आशाओं को मोबाइल फोन का वितरण किया। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा आशा कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन का वितरण किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, इससे आशा कार्यकत्रियों को कार्यों को करने में सुगमता हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं को आमजन तक पहॅुचाने में आशा कार्यकत्री बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं तथा आशाओं द्वारा गर्भवती महिलाओ से सम्बन्धित कार्यों के साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को भी सराहनीय तरीके से निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने आशाओं से सौंपे गये कार्यों को इसी प्रकार रूचि लेकर निर्वहन करने की अपेक्षा की, जिससे स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं को आमजन तक सुगमतापूर्वक एवं शीघ्रता से पहॅुचाया जा सकें। उन्होंने आशाओं से स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को और गति प्रदान करने में अपना अहम योगदान करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहता है कि आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से हो जाये, विलम्ब न होने पाये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी के0सी0 राय एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी हिन्द प्रकाश मणि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



आशाओं को मोबाइल वितरित करते जिलाधिकारी

# सामान्य ज्ञान खोज परीक्षा में विनय कुमार को मिला प्रथम स्थान

### द्वितीय स्थान पर कक्षा 10 की छात्रा रही खुशी तिवारी

**करछना।** ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें तहसील क्षेत्र करछना के विद्यालय सेठ राम अभिलाष इंटर कॉलेज सहलोलवा अकोड़ा करछना प्रयागराज के कक्षा 11 के छात्र विनय कुमार पटेल पुत्र अखिलेश पटेल ग्राम गौरा ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने विद्यालय का नाम कक्षा किया, वही दूसरे स्थान पर क्लास 10 की छात्रा खुशी तिवारी पुत्री देवेंद्र तिवारी ग्राम अतरी खुर्द ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, विद्यालय परिवार की ओर से इन बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए विद्यालय के प्रबंधक ए पी सिंह तथा प्रधानाचार्य यस आर सिंह ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया । इस मौके बडी संख्या में छात्र एवं छात्राओं के अलावा विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाऐ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।




# चरवा चौराहे पर अवैध तरीके से चल रही कई क्लीनिक

**कौशाम्बी।** चरवा क्षेत्र में अवैध तरीके से कई क्लीनिक और अस्पताल चल रही है जहां मरीजों को इलाज के नाम पर कथित डॉक्टर लूट रहे हैं स्वास्थ्य विभाग अवैध क्लीनिक अस्पताल से बेखबर बना हुआ है झोलाछाप डॉक्टरों के फर्जी क्लीनिक अस्पताल की बाढ़ का नजारा इस क्षेत्र में नजर आ रहा है जनपद के लगभग हर गली मोहल्लों में एक न एक झोलाछाप डॉक्टर अपनी क्लीनिक की दुकाने खोलकर बैठे हैं जहाँ पर गरीब भोले भाले मरीजों का इलाज के नाम पर लूट कर अपनी जेबे भरने का काम कथित चिकित्सको द्वारा किया जा रहा है ऐसे फर्जी कथित चिकित्सकों के हौसले बुलंद हैं कि इन्हें जनपद के स्वास्थ्य अधिकारी का इन्हें कोई खौफ नही है इस बात से कहीं ना कहीं यह भी उजागर हो रहा है कि संबंधित अधिकारियों के जिम्मेदारो की मिली भगत और कमीशन खोरी के चलते ऐसे झोलाछाप कथित डॉक्टर खुल्लेआम अपनी दुकान चला रहे हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरवा के अंतर्गत आने वाले चरवा चौराहे से मनौरी रोड पर एक कथित चिकित्सक अपनी क्लीनिक की दुकान खोलकर यहाँ के स्थानीय मरीजों को नीली पीली दवाइयां बेच कर लूट रहा है इसी क्षेत्र में एक और क्लीनिक बबुरा मोड़ चौराहे पर अवैध तरीके से लम्बे समय से चल रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोगों का कहना है कि उक्ता कथित डॉक्टर अपनी क्लीनिक में हर तरह के इलाज और ऑपरेशन करने का ठेका लेते हैं और गरीब अनपढ़ मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं क्लीनिक पूरी तरह से नर्सिंग एक्ट के मानकों के विपरीत संचालित हो रही हैं।

# बिरौली गांव में शौचालय निर्माण में बड़ा घोटाला

### मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सरकारी रकम की कराई जाएगी वसूली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक के बिरौली गांव के मजरा जीत का पूरा में शौचालय निर्माण में बड़ा घोटाला किया गया है शौचालय निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई है लेकिन शौचालय निर्माण पूरा नहीं हो सका है कई बार ग्रामीणों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से किया लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती कर दोषियों को बचाने का खेल हो रहा है तमाम शौचालय निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है तमाम शौचालय मे टैंक नही बना है अधूरे बने शौचालय में कोई लाभार्थी उपला रखा रहा है तो कोई लकड़िया रख रहा हैं शौचालय की रकम निकल जाने के बाद निर्माण कार्य पूर्ण ना होने से ग्रामीणों को शौचक्रिया हेतु खुले में जाना पड़ता है जिससे शौच मुक्त गांव की योगी सरकार की घोषणा बेमानी साबित हो रही है वैसे तो पूरे जिले में शौचालय निर्माण के नाम पर बड़ा घोटाला हुआ है। जानकारी के मुताबिक मूरतगंज ब्लाक के अंर्तगत बिरौली ग्राम के मजरा जीत का पूरा में अधूरा शौचालय निर्माण कर के तमाम शौचालय को छोड़ दिया गया है जिसमे तमाम शौचालय का नमो निशान भी खत्म हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान के द्वारा बनवाये गए शौचालय में बड़ा घोटाला किया गया है यह एक जाँच का विषय है अगर किसी भी अधिकारी की एक बार नजर जीत का पूरा गांव की ओर आकर्षित हुई तो ग्राम प्रधान पंचायत सचिव की सारी भ्रष्टाचार की पोल खुल कर सामने आ जायेगी क्योंकि जीत का पूरा गांव में जितने भी शौचालय बने हुए थे बताया जाता है कि करीबन 50 व 60 शौचालय बने थे लेकिन 8 व 10 शौचालय में सीट लगी हैं नही तो किसी मे सीट नही लगाई गई हैं तमाम शौचालय में टैंक नही बना हुआ है केवल दीवार बना कर शौचालय निर्माण की रकम सरकारी खजाने से निकाल ली गई है अभी तक किसी भी अधिकारी ने इस गांव की ओर कभी ध्यान आकर्षित नही किया हैं शौचालय निर्माण में धांधली के मामले में खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत की भूमिका भी सवालों के घेरे में है यदि योगी सरकार ने शौचालय निर्माण घोटाले की जांच कराई तो ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत पर भी गाज गिरना तय है इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है जांच कराई जाएगी और सरकारी रकम में हेराफेरी करने वाले दोषियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

# जनपद के दुकानों एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों के साप्ताहिक बन्दी हेतु आदेश जारी

अखंड भारत संदेश

### आदेश दिनांक 01 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक प्रभावी रहेगी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 की धारा-08 (01) सहपठित उत्तर प्रदेश एवं दुकान वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-06 के प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए वर्ष-2022 हेतु दुकानां एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस के आदेश जारी किये हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक प्रभावी रहेगा। जनपद में साप्ताहिक बन्दी दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगे। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान। बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त वाणिज्य एवं अधिष्ठान को छोड़कर दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम शरीरा की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान। दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुआ की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगे।

# समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं










































































## सम्पादकीय

### सांप्रदायिक ध्रुवीकरण में लगी भाजपा

उत्तरप्रदेश चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर भाजपा अब पूरी तरह से लग चुकी है। कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने बयान दिया है कि जिनकी मानसिकता भारत के खिलाफ है और जो लोग भारत में शरिया का सपना देख रहे हैं ऐसे लोगों का वोट भाजपा को नहीं चाहिए और ना ही वे लोग भाजपा को वोट देने वाले हैं। इस बयान से एक बार फिर भाजपा ने ये जतला दिया है कि चुनावों में वह हिंदू-मुस्लिम एजेंडे के साथ उतरने वाली है। इससे पहले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी कब्रिस्तान का जिक्र छेड़ ही चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन में शिवाजी और औरंगजेब का नाम लेकर बता दिया था कि मंदिर के बहाने वह किस तरह की राजनीति कर रहे हैं। पिछले महीने ही योगी सरकार के मंत्री रघुराज सिंह ने कहा था कि मदरसों से आतंकी निकलते हैं और अगर उन्हें भगवान ने मौका दिया तो वह सारे मदरसों को बंद कर देंगे। इसी तरह उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में जालीदार टोपी वाले लुंगी छाप गुंडे घूमते थे। भाजपा के ये तमाम नेता अयोध्या के राम मंदिर के बाद मथुरा और काशी की तैयारी की बात तो कर ही रहे हैं।

गुरुवार को मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह ने सपा के शासन में बाहुबली और भाजपा के शासन में बजरंगबली दिखाई देने की बात की। अमित शाह ने सभा में मौजूद लोगों को निजाम का नया मतलब भी समझाया और कहा कि निजाम का मतलब शासन होता है, मगर अखिलेश के निजाम का मतलब-नसीमुद्दीन, इमरान, आजम और मुख्तार था। आपको ये वाला निजाम चाहिए, या योगी-मोदी जी का सुशासन चाहिए। पिछले चुनावों में भी अमित शाह ने इसी तरह कसाब का नया मतलब समझाया था। चुनाव से पहले भाजपा अक्सर इसी तरह की सांप्रदायिक और धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली बयानबाजी करती है। भाजपा जानती है कि इस देश की जनता को भावनाओं के ज्वार में कैसे बहाया जा सकता है। इसलिए कभी राष्ट्रवाद, कभी राम, कभी धर्म की रक्षा के नाम पर लोगों को प्रभावित करने की कोशिश होती है। संसद में 2 सीटों से बहुमत तक का सफर भाजपा ने इसी तरह तय किया है और अफसोस की बात ये है कि धर्म की इस उन्मादी राजनीति में बाकी दल भी कभी न कभी आ ही जाते हैं। अब तो धर्म के नाम पर संसद भी लगने लगी है, जहां धर्म की रक्षा के नाम पर तमाम तरह की अनर्गल बातें हो रही हैं। हरिद्वार की धर्म संसद में जिस तरह अल्पसंख्यकों के लिए नफरत भरे बयान दिए गए, उनसे जाहिर होता है कि बिना सत्ता के संरक्षण के, इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों से नहीं हो सकती। हरिद्वार के बाद रायपुर की धर्म संसद में भी ऐसी ही धार्मिक उन्माद से भरी बातें की गईं, बल्कि गांधीजी को कालीचरण नाम के तथाकथित संत ने अपशब्द कहे। इस घटना के बाद कांग्रेस सरकार से तत्काल सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही थी। कालीचरण के खिलाफ मामला तो तुरंत ही दर्ज हो गया था। धर्म संसद के आयोजक महंत रामसुंदर दास ने भी बयान की आलोचना करते हुए खुद को धर्म संसद से अलग कर लिया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कालीचरण से आत्मसमर्पण की बात कही थी। और अब छत्तीसगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश से कालीचरण को गिरफ्तार किया है। लेकिन अब इस पर भी राजनीति शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस गिरफ्तारी को लेकर संघीय ढांचे की व्यवस्थाओं और मयार्दाओं का उल्लंघन का सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस चाहती तो नोटिस देकर उन्हें ले जा सकती थी। मध्य प्रदेश की पुलिस से मदद मांगकर भी उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता था। कितने आश्चर्य की बात है कि जब मध्यप्रदेश के ग्वालियर में गोडसे की मूर्ति पूजा होती है, जब गांधीजी की फोटो पर बंदूक चलाई जाती है, जब गोडसे को महान बताने वाली प्रज्ञा ठाकुर को भाजपा अपना प्रत्याशी बनाती है, जब बापू को कोई साधु कहलाने वाला शख्स अपशब्द कहता है, तब मयार्दाओं का ख्याल नहीं आता। लेकिन किसी आरोपी की गिरफ्तारी पर सारे कायदे याद आ जाते हैं। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि कालीचरण जी ने जो बोला वह आपत्तिजनक था, जिस तरह से छत्तीसगढ़ पुलिस ने गिरफ्तारी की है वह भी आपत्तिजनक है। अब श्री मिश्रा को ये भी बता देना चाहिए कि अगर कालीचरण ने जो कहा वह आपत्तिजनक था, तो इस पर उन्होंने आपत्ति क्यों नहीं दर्ज कराई। कैसे कालीचरण उनके शासन में उनके राज्य में आजाद घूम रहा था।

# घातक होगी ओमिक्रोन संक्रमण मामले में लापरवाही

**योगेश कुमार गोयल**

देश में ओमिक्रोन के लगातार बढ़ते मामलों से दहशत का माहौल बनने लगा है। बढ़ रहे मामलों को देखते हुए फरवरी माह में कोरोना की तीसरी लहर की भविष्यवाणी की जा रही है। ऐसे में पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के साथ-साथ एक और लॉकडाउन का डर अभी से सताने लगा है। दरअसल, चंद दिनों में ही ओमिक्रोन के देशभर में 500 से भी ज्यादा मरीज सामने आ चुके हैं और यह आंकड़ा प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। इसी के चलते कुछ राज्यों द्वारा ह्यनाइट कर्फ्यूह्ल लगाए जाने की शुरूआत हो चुकी है। हालांकि ओमिक्रोन को लेकर सरकार द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि इसमें ऑक्सीजन की जरूरत कम ही है। फिर भी संक्रमण की रफ्तार से तीसरी लहर की चिंता स्वाभाविक ही है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर इससे निपटने के लिए समय रहते केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी उपाय किए जाने की सख्त आवश्यकता है। 24 नवम्बर 2021 को जहां ओमिक्रोन का पहला मामला दक्षिण अफ्रीका में सामने आया था, वहीं भारत सहित पूरी दुनिया में केवल एक महीने के अंदर ही यह 110 से भी ज्यादा देशों में फैल चुका है। इस एक महीने में दुनियाभर में इस वेरिएंट के लाखों मामले सामने आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना संक्रमण के 95 फीसदी मामलों की प्रमुख वजह ओमिक्रोन ही है। ब्रिटेन में जहां 29 नवम्बर तक ओमिक्रोन के 0.17 फीसदी मामले सामने आ रहे थे, वहीं 23 दिसम्बर तक इसके 38 फीसदी मामले दर्ज किए गए। यही हाल अमेरिका का भी है, जहां ओमिक्रोन की वजह से संक्रमण दर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हाल यह रहा कि 22 दिसम्बर तक हर चौथा मामला ओमिक्रोन की वजह से आया।भारत में भी यह संक्रमण फैलने की रफ्तार काफी तेज है। चिंताजनक स्थिति यह है कि ओमिक्रोन में अब तक कुल 53 म्यूटेशन हो चुके हैं और यह डेल्टा के मुकाबले बहुत तेजी से फैलता है। डेल्टा में कुल 18 और इसके स्पाइक प्रोटीन में दो म्यूटेशन हुए थे लेकिन ओमिक्रॉन के स्पाइक प्रोटीन में 32 म्यूटेशन हो चुके हैं। इसके रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन में भी 10 म्यूटेशन हो चुके हैं। वायरस स्पाइक प्रोटीन के जरिये ही मानव शरीर में प्रवेश करता है। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के वायरोलॉजिस्ट डा. टोम पीकॉक के मुताबिक वायरस में जितने ज्यादा म्यूटेशन के जरिए वेरिएंट बनेगा, वह उतना ही अधिक खतरनाक होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ओमिक्रोन को कई दिनों पहले ही ह्यवेरिएंट ऑफ कंसर्नह्ल घोषित करते हुए कह चुका है कि तेजी से फैलने वाला यह वेरिएंट लोगों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डा. सुसान हॉपकिंस का कहना है कि कोरोना का यह वेरिएंट दुनियाभर में प्रमुख डेल्टा स्ट्रेन सहित अन्य किसी भी वेरिएंट के मुकाबले बदतर होने की क्षमता रखता है। विशेषज्ञों के अनुसार डेल्टा वेरिएंट की आर वैल्यू 6-7 थी अर्थात एक व्यक्ति वायरस को 6-7 व्यक्तियों में फैला सकता है। ओमिक्रोन की आर वैल्यू तो डेल्टा के मुकाबले करीब छह गुना ज्यादा है। इसका अर्थ है कि ओमिक्रोन से संक्रमित मरीज 35-45 लोगों में संक्रमण फैलाएगा।

भारत में ओमिक्रोन का पहला मामला 2 दिसम्बर को सामने आया था और उसके बाद से मूल वायरस के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा तेज रफ्तार से फैल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रोन का सबसे पहले पता लगाने वाली ह्यसाउथ अफ्रीकन मेडिकल एसोसिएशनह्ल की अध्यक्ष डा. एंजेलिक कोएत्जी का भारत के संदर्भ में कहना है कि कोरोना वायरस के इस नए वेरिएंट के कारण यहां संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी दिखेगी। हालांकि, मौजूदा टीकों से इस रोग को फैलने से रोकने में निश्चित ही मदद मिलेगी।टीकाकरण नहीं कराने वाले लोगों को शत-प्रतिशत खतरा है। यही वजह है कि इस समय टीकाकरण पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है और बहुत सारी सेवाओं में टीकाकरण प्रमाण पत्र को अनिवार्य किया जा रहा है। एंजेलिक कोएत्जी का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति का टीकाकरण हो चुका है या जो व्यक्ति पहले भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुका है, उससे संक्रमण कम लोगों को फैलेगा और टीकाकरण नहीं कराने वाले लोग वायरस को संभवतः शत-प्रतिशत फैलाएंगे। डा. एंजेलिक कोएत्जी के मुताबिक ओमिक्रोन उच्च संक्रमण दर के साथ तेजी से फैल रहा है, लेकिन अस्पतालों में गंभीर मामले अपेक्षाकृत कम हैं। यह बच्चों को भी संक्रमित कर रहा है और वे भी औसतन 5 से 6 दिन में ठीक हो रहे हैं लेकिन ओमिक्रोन भविष्य में अपना स्वरूप बदलकर अधिक घातक बन सकता है। अधिकांश विशेषज्ञों की भांति उनका भी यही मानना है कि टीकाकरण के अलावा कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन ओमिक्रोन संक्रमण को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। लापरवाहियों के चलते भारत कोरोना की दूसरी लहर के दौरान तबाही का जो मंजर देख चुका है, ऐसे में यदि चुनावी रैलियों में सभी राजनीतिक दलों द्वारा इसी प्रकार भारी भीड़ जुटाई जाती रही तो डर यही है कि कहीं फिर से वही हालात न पैदा हों, जैसे मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी राज्य विधानसभा चुनावों की रैलियों में जुटाई गई भारी भीड़ के चलते हुए थे। सवाल यह भी उठता है, जब भी ऐसे सवाल उठते हैं तो संबंधित राज्यों में नाइट कर्फ्यू जैसी पाबंदियां लगाकर कोरोना के खिलाफ सख्त कदम जैसी बातें दोहराई जाने लगती हैं लेकिन यह कैसी हास्यास्पद स्थिति है कि अधिकांश जगहों पर जहां रात में सड़कें पहले ही सुनसान रहती हैं, वहां कर्फ्यू और दिन में शादी-ब्याह जैसे समारोहों में 100-200 लोग, तो रैलियों में लाखों की भीड़ इकट्ठा करने की अनुमति होती है। अदालतें इसके लिए बार-बार फटकार लगाते हुए सचेत भी करती रही हैं किन्तु डर इसी बात का है कि कहीं महज कागजों तक ही सीमित कोरोना पाबंदियां तीसरी लहर को खौफनाक न बना दें।

# उम्मीदों का साल 2022: इंसाफ हो भी और होता हुए दिखे भी

**राजेश चौधरी**

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की वेकेंसी हाल के सालों की बड़ी चुनौती रही है। कई बार इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच खींचतान देखने को मिली है। इस साल 24 अप्रैल 2021 को जब जस्टिस एनवी रमना ने बतौर चीफ जस्टिस शपथ ली तो देश के 25 हाई कोर्टों में 420 पद खाली थे। सुप्रीम कोर्ट में भी वेकेंसी हो चली थी। 34 सेंक्शंड पदों में 10 पद खाली थे। चीफ जस्टिस रमना की अगुआई में कलीजियम ने 9 जजों की नियुक्ति की सिफारिश सरकार को भेजी और सरकार ने उसे एक बार में ही मंजूर कर लिया। यह पहला मौका था, जब सुप्रीम कोर्ट में एक साथ 9 जजों की नियुक्ति हुई। इनमें 3 महिला जस्टिस भी शामिल हैं। यह भी पहली बार हुआ, जब 3 महिला जजों को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस के तौर पर एक साथ शपथ दिलाई गई। हाईकोर्ट में जजों की वेकेंसी भरने के लिए भी चीफ जस्टिस रमना की अगुआई वाली कलीजियम ने इस साल 68 नामों की सिफरिश की। चीफ जस्टिस रमना की अगुआई वाली बेंच ने ट्रिब्यूनल की वेकेंसी न भरे जाने को लेकर भी केंद्र सरकार के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार किया। बार-बार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद ट्रिब्यूनल की वेकेंसी न भरे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे पास यह ऑप्शन है कि ट्रिब्यूनल को बंद कर दें। देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की अलग-अलग बेंच का रुख अलग रहा था। साल की शुरूआत में 9 फरवरी को तत्कालीन चीफ जस्टिस बोबडे की अगुआई वाली बेंच ने देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें आईपीसी की धारा-124 ए यानी राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। लेकिन इसके बाद चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में एक बार राजद्रोह कानून को चुनौती का मामला आया तो सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून के परीक्षण का फैसला किया। चीफ जस्टिस रमना की बेंच ने 15 जुलाई 2021 को केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा। बेंच ने केंद्र सरकार से इस मामले में कई तीखे सवाल पूछे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राजद्रोह कानून का इस्तेमाल ब्रिटिश राज में स्वतंत्रता आंदोलन को दबाने के लिए किया गया था, तो क्या आजादी के 75 साल बाद भी इसे जारी रखने की जरूरत है सुप्रीम कोर्ट ने कोविड मामले में कई अहम फैसले दिए। 30 जून को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा कि कोविड से मरने वालों के परिजनों को मुआवजा देने के लिए सरकार छह हफ्ते के भीतर एनडीएमए (नैशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी) गाइडलाइंस तैयार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र ने कहा था कि डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट की धारा-12 के तहत जो प्रावधान है, वह अनिवार्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र सरकार ने कोविड से मौत के मामले में मृतकों के परिजनों को 50 हजार रुपये मुआवजा राशि देने का फैसला किया।

इसी तरह कोविड से मौत रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ऑक्सिजन सप्लाई के मामले में अहम आदेश पारित किया। 8 मई को कोरोना महामारी के दौरान देश भर में ऑक्सिजन सप्लाई और आवंटन को स्ट्रीमलाइन करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नैशनल टास्क फोर्स का गठन किया। नैशनल टास्क फोर्स ऑक्सिजन आवंटन से लेकर जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपनी सिफारिश दे रही है। वैक्सिनेशन नीति पर भी सुप्रीम कोर्ट का रवैया बेहद सख्त रहा। इसके बाद केंद्र सरकार ने देश भर के लिए एक समग्र वैक्सिनेशन नीति की घोषणा कर दी। पेगासस मामले में जहां संसद गर्म रही, वहीं शीर्ष अदालत में भी बहस गरमाती रही। 27 अक्टूबर को इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस जासूसी मामले में जांच के लिए टेक्निकल कमिटी का गठन किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर नागरिक के निजता के अधिकार के उल्लंघन को प्रोटेक्ट करना जरूरी है। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई वाली बेंच ने यहां तक कहा कि राज्य (केंद्र सरकार) सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा की बात करके कोर्ट को मूक दर्शक नहीं बना सकता। केंद्र सरकार की दलील इस मामले में नहीं चली कि वह खुद एक्सपर्ट पैनल बनाना चाहती है। अदालत ने कहा कि न्याय होना ही जरूरी नहीं है, न्याय होता दिखना भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में कानून का राज है और यहां अंधाधुंध जासूसी की इजाजत नहीं दी जा सकती है। यह कानून के दायरे में ही हो सकता है। किसानों पर लखीमपुर खीरी में कथित रूप से गाड़ी चढ़ाने के मामले में सियासी पारा गर्म है। इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुवाई वाली बेंच ने अहम आदेश पारित किए थे। लखीमपुर खीरी मामले में हो रही छानबीन की लगातार मॉनिटरिंग के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस राकेश कुमार जैन को नियुक्त किया। इस तरह से देखा जाए तो देशद्रोह कानून के परीक्षण का सवाल हो या पेगासस मामला या फिर वैक्सिनेशन नीति और ट्रिब्यूनल में सदस्यों की नियुक्ति का मसला- सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार बैकफुट पर ही नजर आई। सुप्रीम कोर्ट की मंशा साफ है कि न्याय होना जरूरी है लेकिन होता दिखना भी जरूरी है। यह कथन पूरी तरह से चरितार्थ होता दिख रहा है। कुल मिलाकर, यह बात विश्वासपूर्वक कही जा सकती है कि कोरोना के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने वर्चुअल सुनवाई की, हजारों मामले निपटाए और कई ऐसे फैसले दिए, जिनका सीधा सामाजिक सरोकार नजर आता है।

# प्रगति पर डिजिटल भारत अभियान

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के रूप में सुशासन की स्थापना की थी। उन्होंने पारदर्शी तरीके से सरकार चलाई। उनकी सरकार जब बहुमत से केवल एक कदम पीछे थी,तब भी उन्होंने अनुचित प्रबंधन से सरकार बचाने का प्रयास नहीं किया था। वस्तुतःयह उनकी विचारधारा और सार्वजनिक जीवन शैली के अनुरूप था, जिसमें निजी हितों का कोई महत्व नहीं था। उन्होंने अपने शासनकाल में भारत में टेलीकॉम क्रांति की शुरूआत की थी। टेलीकॉम से संबंधित सभी मामलों को तेजी से निपटाया गया। ट्राई की सिफारिशें लागू की गईं। स्पैक्ट्रम का आवंटन इतनी तेजी से हुआ कि मोबाइल के क्षेत्र में क्रांति की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी जयंती पर एक करोड़ विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना का शुभारंभ किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ईकाना स्टेडियम में अटल जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एक लाख युवाओं को फ्री स्मार्टफोन और टैबलेट का तोहफा दिया गया। राजनीति और राजनीति शास्त्र दोनों अलग क्षेत्र हैं। राजनीति में सक्रियता या आचरण का बोध होता है, राजनीति शास्त्र में ज्ञान की जिज्ञासा होती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इन दोनों क्षेत्रों में समान रूप से आदर्श का पालन किया। राजनीति में आने से पहले वह राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी थे। कानपुर के डीएवी कॉलेज में नई पीढ़ी भी उनकी यादों का अनुभव करती है। अटल जी उन नेताओं में शुमार थे,जिनके कारण किसी पद की गरिमा बढ़ती है। वह बहुत होनहार विद्यार्थी थे। विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट में पढ़ाई के लिए कंटेंट मिलेगा। साथ ही रोजगार से संबंधित जानकारियां भी दी जाएंगीं। इस अवसर पर योगी अदित्यनाथ ने डिजि शक्ति पोर्टल और डिजि शक्ति अध्ययन ऐप को लांच किया। सभी स्मार्टफोन और टैबलेट में डिजि शक्ति अध्ययन ऐप इंस्टाल है। इसके माध्यम से संबंधित यूनिवर्सिटी या डिपार्टमेंट छात्रों को पढ़ाई के लिए कंटेंट देंगे। साथ ही शासन की ओर से बूट लोगो और वाल पेपर के माध्यम से रोजगारपरक योजनाओं आदि की भी जानकारी दी जाएगी। सरकार की ओर से नामी आईटी कंपनी इंफोसिस से अनुबंध किया जा रहा है। इससे इंफोसिस के शिक्षा और रोजगार से जुड़े करीब चार हजार प्रोग्राम निःशुल्क युवाओं को उपलब्ध होंगे। जिन युवाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है,उन युवाओं का डिजि शक्ति पोर्टल पर फिर से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

लखनऊ अटल जी कर्मभूमि रही है। उनका कहना था कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। इसलिए छोटा मन हमें नहीं रखना चाहिए। इसलिए विराट सोच के साथ खड़ा होने का जज्बा होना चाहिए। इस जज्बे के साथ जब हमारा युवा खड़ा होगा तो वह ही नहीं सम्पूर्ण देश मजबूती से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने समझा कि प्रदेश के बच्चे स्मार्ट फोन और टैबलेट के अभाव में पढ़ाई के लिए परेशान होते थे। इसलिए विद्यार्थियों के हित में यह निर्णय लिया। योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से सोच ईमानदार तो काम दमदार का नारा भी लगवाया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कोरोना कॉल में पूरी दुनिया की मेधा चहारदीवारी में कैद हो गयी। ऐसे समय में स्मार्टफोन और टैबलेट पर ही पूरी दुनिया काम करने लगी। पठन-पाठन से लेकर अन्य कार्य डीजिटल माध्यम से हुआ। अब उत्तर प्रदेश को एक नम्बर पर लाने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती।

अटल जी ने छह दशक तक देश की राजनीति को पूरी शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ नई दिशा देने का कार्य किया। वह सार्वजनिक जीवन जीने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायी बना रहेगा। अटल जी का कहना था कि राजनीति सिद्धान्त विहीन नहीं होनी चाहिए, व्यक्ति को मूल्यों और सिद्धान्तों के साथ जीना चाहिए। देश समाज व सिद्धान्तों के लिए जीने वाले व्यक्ति का जीवन ही सार्थक और प्रेरणादायी होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विराट सोच व्यक्तित्व को भी विराटता प्रदान करती है। युवाओं को हताशा और निराशा से मुक्त होकर विराट सोच के प्रयास करने चाहिये। इसके लिए सात वर्ष पूर्व चालीस करोड़ गरीबों के जनधन बैंक खाते खुलवाए गए। वर्ष पूर्व स्टार्ट अप इण्डिया, स्टैण्ड अप इण्डिया, डिजिटल इण्डिया आदि योजनाएं प्रारम्भ की गईं।कोरोना कालखण्ड में जनधन खातों सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों की सहायता करना संभव हुआ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई। निकट भविष्य में प्रत्येक जनपद स्तर पर भी यह कोचिंग संस्थान प्रारम्भ किए जाएंगे। एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू की गई। परिणामस्वरूप डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं को राज्य में ही उद्योगों में रोजगार प्राप्त हुआ है। स्वरोजगार हेतु संचालित योजनाओं,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के माध्यम से साठ लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया। पांच वर्ष पहले प्रदेश में बेरोजगारी दर लगभग अठारह प्रतिशत थी। यह अब घटकर लगभग साढ़े चार प्रतिशत रह गयी है। इसके अलावा अटल जी की जयंती पर योगी आदित्यनाथ ने आगरा में उनके पैतृक गांव बटेश्वर धाम में सांस्कृतिक संकुल घाटों का निर्माण,पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण सहित दो सौ तीस करोड़ रुपये की ग्यारह योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण किया। इसमें बटेश्वर धाम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सांस्कृतिक संकुल का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने पर प्रत्येक विद्यालय में संस्कृत के अध्यापकों की तत्काल तैनाती कराए जाने का निर्णय लिया। यह सुनिश्चित किया कि वहां योग्यतम आचार्य रखे जाएं। इसके अलावा, संस्कृत के बच्चों को छात्रावास में रहने की व्यवस्था करायी जाए। सरकार ने संस्कृत की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था करायी। इससे किसी भी छात्र और आचार्य को भटकना नहीं पड़ेगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अटल जी की स्मृति में अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अटल जी के नाम पर प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में स्थापित की जा चुकी है। प्रत्येक मण्डल में अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं। श्रमिकों के बच्चों तथा अनाथ बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए इन आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अटल जी के नाम पर चवालीस इण्टर कॉलेज का निर्माण हो चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में अटल सुशासन पीठ, अटल स्मृति उपवन, अटल बिहारी वाजपेयी संस्कृति पुरस्कार, डीएवी कॉलेज कानपुर में अटल बिहारी वाजपेयी सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस,बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में भी अटल बिहारी वाजपेयी पीठ,लखनऊ में अटल राष्ट्र प्रेरणा स्थल की स्थापना की गई है। इसके अलावा, प्रदेश के सबसे बड़े स्टेडियम का नाम अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम रखा गया है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। अटल जी की स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा देश में अटल भूजल योजना, अटल ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, अटल नवीनीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन अमृत योजना संचालित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार अटल जी की भावनाओं के अनुरूप बटेश्वर,फतेहपुर सीकरी और बाह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार अटल जी की भावनाओं के अनुरूप इस क्षेत्र को पर्यटन विकास के लिए एक सुन्दरतम पावन धाम के रूप में विकसित करने के लिए हर प्रकार का सहयोग करेगी। यहां अटल जी नाम पर एक म्यूजियम अटल म्यूजियम की स्थापना की जाएगी। जिसमें उनके पूर्वजों और उनके बचपन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार की योजनाओं को जोड़ते हुए इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

## तेज इकॉनमी के लिए चाहिए मजबूत मांग

**भरत झुनझुनवाला**

भारत विश्व की सबसे तेज चलने वाली अर्थव्यवस्था बन चुकी है, लेकिन चुनौतियां बरकरार हैं। हमारी परिस्थिति उस व्यक्ति जैसी है, जो पहाड़ से नीचे गिरने के बाद फिर से पहाड़ पर सबसे तेज चढ़ रहा होता है। ऐसी चढ़ाई को तेज विकास नहीं बल्कि तेज क्षतिपूर्ति कहना चाहिए। ऐसा भी कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बीमारी से सबसे तेजी से निकल रही है। लेकिन बीमारी से निकलने वाले को दौड़ में अव्वल नहीं कहा जा सकता। तमाम आकलनों के अनुसार, इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था में मांग नहीं है। रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि डिमांड कमजोर है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि घरेलू खपत को बढ़ाना जरूरी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी ने कहा है कि 2019-20 में जीडीपी में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन खपत में 7.2 प्रतिशत की। यानी फैक्ट्रियां माल बना कर स्टॉक कर रही हैं। मांग का अभाव है। एशियन डिवेलपमेंट बैंक ने भी कहा है कि बाजार में मांग असल में सरकारी प्रशासन और रक्षा के क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही है। इनके अनुसार भी जनता की खपत कमजोर है। इन आकलनों के विपरीत यह भी सही है कि कृषि में उत्पादन बढ़ रहा है। लेकिन कृषि उत्पादन बढ़ने और कृषि उत्पादन की खपत होने में मौलिक अंतर है। कृषि उत्पादन का निर्यात अधिक हो रहा दिखता है। बिजली की खपत में वृद्धि तेल की बढ़ी हुई कीमतों के कारण हो सकती है। लोगों ने डीजल जनरेटर चलाना और निजी कार में सफर करना कम कर दिया है। जीएसटी की वसूली बढ़ रही है। लेकिन यह बड़े उद्योगों में उत्पादन बढ़ने के कारण दिखती है। छोटे उद्योगों के उत्पादन में गिरावट और बड़े उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि बराबर होने से कुल उत्पादन बराबर है, लेकिन जीएसटी की वसूली बढ़ रही है। जैसे- हैंडलूम के स्थान पर पॉवरलूम से उत्पादन किया जाए तो बिजली की खपत और जीएसटी दोनों बढ़ जाती हैं। हालांकि उत्पादन और खपत उतनी ही रहती है। घरेलू मांग के अभाव में आर्थिक विकास का गति पकड़ना कठिन ही दिखता है। यह वैसा ही है, जैसे घर की रोटी के अभाव में स्पोर्ट्सवुमन का बढ़ना कठिन होता है। इस परिस्थिति में सरकार की नीति है कि उत्पादन को और सस्ता बनाया जाए। रिजर्व बैंक ने तरल मुद्रा नीति लागू कर रखी है। रिजर्व बैंक की ओर से बैंकों को आसान दर पर पर्याप्त लोन दिया जा रहा है, जिससे कि ब्याज दर कम रहे और वे उद्योगों को लोन दे सकें। सोच यह है कि इससे उद्योगों की उत्पादन लागत कम आएगी, बाजार में माल के दाम गिरेंगे, सस्ते माल के लालच में लोग खरीदारी करेंगे। जैसे कि सेल लगी हो तो लोग दुकानों पर टूट पड़ते हैं। सरकार ने बड़ी कंपनियों पर आयकर में भी कटौती की है और उत्पादन से लिंक करके प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे कंपनियों का उत्पादन बढ़े। जैसे कपड़ा फैक्ट्री को यदि लोन सस्ता मिले, उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि मिले और आयकर कम देना पड़े तो वह कपड़े को 25 रुपये प्रति मीटर के स्थान पर 22 रुपये प्रति मीटर में बेचने को तत्पर हो सकती है। लेकिन 22 रुपये प्रति मीटर कपड़े खरीदने वाले खरीदार उपस्थित न हों तो बात नहीं बनेगी। जैसे तीन वर्ष पहले पालनपुर के किसानों को 5 रुपये प्रति किलो में भी आलू के ग्राहक नहीं मिले थे और उन्होंने सड़क पर आलू डंप कर दिए थे। यही इस समय चुनौती है। खरीदार नदारद है। इस जकड़न को तोड़ने के लिए दूसरी वैकल्पिक नीति पर विचार करना जरूरी है। सप्लाई के स्थान पर डिमांड को बढ़ाया जाए। जैसे बाजार में मास्क की डिमांड बढ़ती है।

# प्रयागराज संदेश

## समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं




























































# प्रयागराज संदेश

## समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं












































# समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

























































# गलन व शीतलहर से घरों में दुबके लोग

## कक्षा एक से आठ तक के स्कूल 15 दिनों के लिये बंद



सुबह के वक्त सड़कों पर छाई धुंध।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पहाड़ों पर हिमपात के बाद उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाके शीतलहर व गलन की चपेट में हैं। दिन भर धुंध छाई रहती है। सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हो रहे हैं। पूरा बेल्हा ठंड व शीतलहर की चपेट में है।

इस भीषण ठंड को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने कक्षा-एक से आठ तक स्कूलों में 15 दिनों का 14 जनवरी तक के लिये शीतावकाश घोषित कर दिया है। शासन के निर्देश के बावजूद आज कुछ स्कूलों के बच्चे बैग लेकर स्कूल जाते देखे गये। इन दिनों ठंड का मिजाज अपनी चरम पर है। घरों में लोग रजाई में दुबके रहते हैं। रजाई से निकलते ही हाथ पैर ठंड हो जाता है तो हीटर व ब्लोवर का सहारा लेते हैं। सड़कों पर भीड़ कम हो गई है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो वर्षा के बाद पश्चिमी हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। शहर में जगह-जगह अलाव जले हैं, जहां राहगीर आग के नजदीक आकर अपने शरीर को गर्म करने का प्रयास कर रहे हैं। इस भीषण ठंड में मार्निग वाक करने वालों की संख्या भी घटा दी है। कम्पनी बाग, बाबागंज का अटल वाटिका में सुबह बहुत कम लोग आ रहे हैं। प्रायः नौ बजे के बाद लोग घरों से निकल रहे हैं। शाम होते ही बाजारों में दुकानदार अलाव तापते देखे जा रहे हैं। शहर की ज्यादातर दुकानें शाम सात बजे के बाद से बंद हो जा रही हैं। इस प्रचण्ड ठंड ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### ठंड से दमा रोगियों की संख्या बढ़ी

**प्रतापगढ़।** इस भीषण ठंड ने बूढे. तथा बीमार लोगों को ज्यादा परेशान कर दिया है। जिन्हें खासी आती है, उन्हें दमा ने दबोच लिया है। यही कारण है कि दमा रोगियों की संख्या अस्पतालों में बढ़ी है। चिकित्सक भी मानते हैं कि ठंड के कारण दमा रोगियों की संख्या बढ़ी है।




जिलाध्यक्ष का स्वागत करते भाजयुमो अध्यक्ष अंशुमान सिंह।

# भाजपा ने युवा सम्मेलन की बनाई रणनीति

## तीन जनवरी को आयोजित होगा सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी का युवा सम्मेलन सदर विधानसभा क्षेत्र में आगामी तीन जनवरी को आयोजित की जाएगी उक्त सम्मेलन को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर तैयारी बैठक भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुमान सिंह की अध्यक्षता व सुजीत पांडेय के संचालन में आयोजित की गई।

तैयारी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में होने वाला युवा सम्मेलन की सफलता हेतु पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लग जाएं। सम्मेलन की सफलता के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष भाजपा हरिओम मिश्रा ने कहां कि युवा मोर्चा की टीम समूचे जिले के युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को सम्मेलन के सफलता हेतु जिम्मेदारियां दे और वह अपने जिम्मेदारी को निभाए। सम्मेलन के जरिए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं तथा सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने कहां कि युवा मोर्चा के टीम पूरे जोश के साथ सम्मेलन की सफलता हेतु अभी से लग जाए। तैयारी बैठक के दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, विकास सिंह, नीतीश, रवींद्र, मनोज यादव, मनीष अविनाश, रोहित, देवांग, रितेश, अंकित, ननवग, चंचल आदि लोग मौजूद रहे।

# कबाड़ियों का सिपाही पर हमला, जमकर पीटा

## हमलावरों के चंगुल से जान बचाकर भागा सिपाही

### मालगोदाम मोहल्ले में चोर और उसके साथियों ने धुना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चोरों की सुरागसी में पुराना मालगोदाम मोहल्ले में गये एक सिपाही पर वहां के कबाड़ियों ने हमला बोल दिया। चोरों ने ही मिलकर सिपाही को जमकर धुना। सिपाही किसी तरह से जान बचाकर भाग निकला।

कबाड़ी मोहल्ला संदिग्धों से भरा है। यहां के कुछ लोग चोरी, मारपीट और छिनैती में लिप्त हैं। जिनकी वजह से पूरा मोहल्ला बदनाम है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को देर रात रेलवे कॉलोनी का सिपाही कबाड़ी मोहल्ले में गया था। वहां पर उसकी एक व्यक्ति से किसी बात पर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसके बाद चोर ने खाकी का तनिक भी लिहाज नहीं किया। उसने सिपाही को सरेआम पीटना शुरू कर दिया। रात का फायदा उठाकर मोहल्ले के लोगों ने भी सिपाही पर हाथ छोड़ दिया और खुन्नस निकाली। आसपास के कुछ लोग पहुंचे सिपाही को किसी तरह छुड़ाया। उनके चंगुल से छूटते ही सिपाही जान बचाकर भागा। सूचना मिलने पर भंगवा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन की। लेकिन कोई मिला नही। इंचार्ज ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी। सिपाही की तरफ से तहरीर मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जांच में यह भी पता चला है कि किसी लड़की का लफड़ा था। इसी के चलते उक्त सिपाही को पीटा गया। पीटने वाला चोर है। जो कई बार जेल जा चुका है। उसका सिपाही के साथ उठना बैठना भी है। सिपाही कहां पोस्ट है, कौन है। इसकी पड़ताल की जा रही है।

# जनपद में एक मॉडल गोशाला का कराया जाये निमार्ण: मण्डलायुक्त

## निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने व्यक्त की नाराजगी



विकास भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में बोलते मण्डलायुक्त संजय गोयल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, संयुक्त विकास आयुक्त मदन वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ शासन की विकास प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा, 50 लाख के ऊपर की लागत के निर्माण की परियोजनाओं तथा लाभार्थीपरक एवं कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री की घोंषणा के अन्तर्गत विश्वनाथगंज विधानसभा विश्वनाथगंज में 132 केवीए के विद्युत केन्द्र की समीक्षा की तो अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि 40 केवीए का निर्माण पूर्ण हो चुका है जिससे 2 उपकेन्द्रों सरायभीमसेन तथा विश्वनाथगंज में विद्युत आपूर्ति की जा सकती है, अन्य का निर्माण 31 मार्च तक कर लिया जायेगा। मण्डलायुक्त ने अभी तक केन्द्र के संचालन न हो पाने तथा उप केन्द्रों को विद्युत आपूर्ति करने की कार्ययोजना की जानकारी ली जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत तथा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी से अपेक्षा करते हुये कहा कि इस सम्बन्ध में पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया जाये। इसी तरह रानीगंज मिनी स्टेडियम का निर्माण अभी तक न किये जाने पर अधिशासी अभियन्ता आर0ई0एस0 पर नाराजगी जतायी। पट्टी में बन रहे पालीटेक्निक का कार्य अपूर्ण रहने एवं वर्तमान में कार्य रोके जाने के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थान सीएनडीएस ने जानकारी दी जिस पर मण्डलायुक्त ने सीएनडीएस के चीफ इंजीनियर को इस सम्बन्ध में पत्र भेजने का निर्देश दिया। जनपद में बन रहे वृहद गो संरक्षण केन्द्र पूरेमोतीलाल, गोगौर, कतरौली एवं राकी की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभी तक इनका निर्माण पूर्ण नही हो सका है। मण्डलायुक्त ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जनपद की गोशालाओं में पशुओं हेतु भूसा, चूनी-चोकर, पानी, प्रकाश की व्यवस्था तथा हरे चारे की उपलब्धता एवं ठण्ड से बचाव हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि जनपद में चल रही गोशालाओं में से एक गोशाला को मॉडल के तौर पर विकसित किया जाये जहां पर पशुओं हेतु हरे चारे की व्यवस्था के साथ ही पशुओं के बाई प्रोडक्ट से कम्पोस्टिंग की व्यवस्था की जाये, वहीं पर मत्स्य पालन हेतु तालाब भी बनवाया जाए। इसी के साथ 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएनडीएस द्वारा उन्हें आवंटित परियोजनाओं के आरम्भ न करने एवं समय से निर्माण कार्य पूर्ण न करने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था को आवंटित कार्यो की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की पृथक से जांच कर ली जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बेल्हा देवी घाटों की हुई साफ-सफाई

## 50 कर्मचारी जुटे रहे घाटों की सफाई करने में



नाव से नदी के अंदर जाकर गंदगी को साफ करते सफाई कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर पालिका ने मां बेल्हा देवी धाम के बगल बहने वाली सई नदी के घाटों को साफ कराया। नगर पालिका के 50 कर्मचारी बेल्हा देवी के घाटों की साफ-सफाई के लिये लगाए गए थे जिसमें 30 सफाई कर्मी झाड़ू लगा रहे थे जबकि 15 कर्मचारी फावडे. से गंदगी उठा रहे थे और चार कर्मचारी हत्था ठेले से कूड़ा बाहर ले जा रहे थे।

इस सफाई अभियान में सफाई नायक शैलेन्द्र व विमलेश दुबे जुटे हुए थे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में मां बेल्हा देवी के घाटों की आज साफ-सफाई की गई। इस दौरान नाव से नदी के अंदर जाकर नदी में फैली गंदगी को निकाला गया। सफाई निरीक्षक ने यह भी बताया कि सफाई कर्मचारियों ने घाटों को साफ-सुथरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बता दें कि नव वर्ष पर बहुत सारे लोग इसी नदी का पानी लेकर मां बेल्हा देवी का दर्शन पूजन करते हैं जिसको ध्यान में रखकर आज बेल्हा देवी घाटों की सफाई का अभियान चलाया गया। इस अभियान के निरीक्षण में सफाई निरीक्षक के साथ सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह भी देखे गये।

### सांगीपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को दबोचा

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र सांगीपुर के ग्राम गोकुला के पास एक व्यक्ति अनिल कुमार जायसवाल पुत्र रामगोपाल जायसवाल नि0 धनापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर देने व उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो जाने संबंधी प्रकरण में विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दो अभियुक्तों को थाना क्षेत्र सांगीपुर के शाहबरी कस्बे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजेश वर्मा पुत्र रामलखन वर्मा निवासी ग्राम गोकुला थाना सांगीपुर व ओम प्रकाश वर्मा पुत्र प्रेमनाथ वर्मा निवासी ग्राम गोकुला थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह मय टीम थाना सांगीपुर शामिल रहे।

### नये साल पर महाप्रसाद का वितरण आज

**प्रतापगढ़।** लोक कल्याण और मंगलकामना के उद्देश्य से इस वर्ष भी मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर मनोज खत्री के आयोजकत्व में एक जनवरी शनिवार को मां बेल्हा देवी धाम हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। यह जानकारी रामायणी राकेन्द्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सुन्दर कांड सुबह दस बजे से शुरू होगा। दोपहर बाद महाप्रसाद का वितरण होगा। डॉक्टर खत्री नये साल के पहले दिन सुंदरकांड और महाप्रसाद का आयोजन लोकहित में करते हैं यह तीसरा वर्ष है।

# बदमाशों ने बाइक छीनने की कोशिश की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़, पट्टी।** नई बाइक लेकर घर जा रहे युवक को रास्ते में बदमाशों ने रोक लिया। उसकी चाबी छीनने लगे तो युवक उनसे भिड़ गया। करीब ही बस्ती होने के चलते युवक ने शोर मचाया तो बदमाश भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के गांव डड़वा महोखरी गांव निवासी रोहित तिवारी पुत्र उड़ीसानाथ तिवारी किसी काम से पट्टी नगर आया हुआ था। उसने कुछ दिनों पहले ही नई बाइक खरीदी थी। बाइक लेकर वह शाम सात बजे घर जा रहा था। जैसे ही मैनहा गांव के आगे पहुंचा पीछे से आए अपाचे सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोकने का प्रयास किया। युवक ने बाइक आगे बढ़ाई तो अपाचे सवार बदमाशों ने उसे जबरिया रोक लिया। उसकी बाइक की चाबी निकाल ली। बदमाशों की हरकत देख युवक उनसे हाथापाई करने लगा। शोर मचाते हुए सड़क किनारे स्थित घर की ओर युवक भागा। इस दौरान उसकी बाइक सड़क पर ही गिर गई। यह देख बदमाश हड़बड़ाहट में भाग निकले। बाइक छीने जाने की कोशिश से सहमे रोहित ने इसकी जानकारी परिवारीजनों को दी। बाद में सूचना पुलिस को भी दी गई। परिवार के लोग आए तो उसे लेकर अपने साथ ले गए। सरेशाम हुई घटना से लोगों में खासा आक्रोश है।



लोगों से मुलाकात करते कांग्रेस नेता संजय मिश्रा।

# कांग्रेस नेता संजय मिश्रा ने लोगो को वितरित किया कोरोना किट

## लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताया

**अखंड भारत संदेश**

पट्टी, प्रतापगढ़। विधान सभा चुनाव नजदीक आते देख अब नेतागण लोगों के दुख दर्द में शामिल होने की होड़ लगा लिये हैं। संभावित प्रत्याशी भी लोगों के घर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम पूछ रहे हैं। चुनाव के बाद अगर यही तरीका लोग अपनाएं तो जनता उनका अपना सही हितैषी मान सकती है लेकिन चुनाव के बाद यह सिलसिला कम हो जाता है, इसीलिये जनता बहुत सोच-समझकर नेताओं पर विश्वास करती है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा विधान सभा क्षेत्र पट्टी के शेखपुर अठगंवा तथा सांगा पट्टी गांव में लोगों का हाल-चाल लिया। इस दौरान उन्होंने कोरोना किट का वितरण किया और महामारी से बचने के उपाय के बारे में चर्चा करते हुए कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनमानस में खुशहाली देखी जा रही थी। लोगों का जीवन स्तर और बुनियादी ढांचा मजबूत था लेकिन वर्तमान सत्ताधारी भाजपा दल सिर्फ सरकारी संपत्ति को बेचने का काम कर रही है। इस अवसर पर शंभू नाथ मिश्रा, अयोध्या प्रसाद तिवारी, राम रतन तिवारी, सर्वेश मिश्रा, सुरेश तिवारी, सतीश शुक्ला आदि लोगों से मुलाकात किया। इस दौरान उनके साथ आसपुर देवसरा ब्लाक अध्यक्ष विवेक पांडे, साधु ओझा, दिनेश तिवारी, संदीप मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### मुख्य राजस्व अधिकारी ने 02 गुण्डों किया जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत धारा-3(3) के तहत कार्यवाही करते हुये दो गुण्डों को जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने थाना फतनपुर अन्तर्गत ग्राम स्वरूपपुर नौडेरा के प्रदीप कुमार यादव सुत हनुमान यादव तथा जितेन्द्र सुत रामनाथ यादव को जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# प्रयागराज संदेश

## समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं








































































# परदीप नरवाल चले, यूपी ने गुजरात को टाई पर रोका




**बेंगलुरू।** एक समय 20-9 और हाफटाइम तक 20-14 की लीड के बावजूद गुजरात जाएंट्स को शेरेटन ग्रैंड, व्हाइटफील्ड कन्वेंशन सेंटर में जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 20वें और अपने चौथे मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ 32-32 से टाई खेलना पड़ा। यह इस सीजन का चौथा और गुजरात का दूसरा टाई मुकाबला है। दोनों टीमों का यह चौथा मैच था। गुजरात के खाते में एक जीत, एक हार और दो टाई है । यह टीम 12 अंकों के साथ 12 टीमों की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

दूसरी ओर, दो हार औ? एक जीत के बाद अब यूपी को सीजन का पहल टाई नसीब हुआ लेकिन यह टाई उसके लिए जीत से कम नहीं क्योंकि लगातार पिछड़ रहे होने के बावजूद यूपी ने अपने स्टार रेडर परदीप नरवाल (11 अंक) और सुरेंदर गिल (6 अंक) के बूते शानदार वापसी कर गुजरात के मुंह से जीत खींच लिया। गुजरात की ओर से राकेश नरवाल ने 13 अंक जुटाए। पहले हाफ के 20 मिनटों में से नौ मिनट बाहर बैठने वाले स्टार रेडर परदीप ने हालांकि पहली ही रेड पर दो डिफेंडरों को आउट कर अच्छी शुरूआत की थी। यूपी 3-1 की लीड पर था लेकिन राकेश नरवाल ने सुपर रेड के साथ स्कोर 4-3 कर दिया। गुजरात ने रेड औ? फिर परदीप को टैकल कर स्कोर 7-3 किया। यूपी के लिए सुपर टैकल आन था। राकेश एक अंक लेकर आए। सुरेंदर गिल ने रेड में दो अंक लिए और फिर सुपर टैकल कर आलआउट टाला और स्कोर 7-7 कर दिया।

यूपी के लिए सुपर टैकल अभी आन था। श्रीकांत जाधव डू ओर डाई रेड पर गए लेकिन आउट हो गए। राकेश नरवाल ने यूपी को आलआउट कर गुजरात को 12-7 से आगे कर दिया। अपने डिफेंस की सफलता के बूते गुजरात ने जल्द ही 7 अंकों की लीड ले ली। परदीप ने अपनी अगली रेड पर एक अंक लिया लेकिन अगली ही रेड पर लपके गए। स्कोर 15-8 था। गुजरात ने इसके बाद लगातार अंक बटोरे औ? स्कोर 20-9 कर दिया। यूपी के लिए सुपर टैकल आन था। आशू और नितेश ने राकेश नरवाल को आउट कर स्कोर 11-20 कर दिया। परदीप की वापसी हो चुकी थी। आते ही उन्होंने रनिंग टच पर अंक लिया। अब राकेश नरवाल गुजरात के लिए डू ओर डाई रेड पर थे। यूपी के डिफेंस ने राकेश को डैश कर दिया। वह पहली बार आउट हुए। हाफटाइम तक स्कोर 20-14 से गुजरात के पक्ष में था।ब्रेक के बाद गुजरात की डू ओर डाई रेड थी। यूपी का डिफेंस इसकी ताक में था।

उसने अजय को लपक कर स्कोर 15-20 किया। अगली बारी परदीप की थी। वह भी डू ओर डाई रेड पर थे। वह हालांकि एक अंक लेकर गए। गिल ने यूपी को एक और अंक दिलाया और फिर यूपी ने गुजरात को आलआउट कर स्कोर 20-22 कर दिया। सात अंकों की लीड अब सिर्फ दो अंक की रह गई। गुजरात को आलआउट करने के बाद परदीप ने गिरीश और सुनील को आउट कर दो रेड प्वाइंट लिए औ? स्कोर 22-22 कर दिया। अब गुजरात का राइट डिफेंस बाहर था। 7 अंक ले चुके परदीप पिछली पांच रेड में आउट नहीं हुए हैं। राकेश नरवाल ने इसी बीच इस सीजन का अपना दूसरा सुपर-10 पूरा किया। गुजरात 2 अंक की लीड पर था। एक-एक अंक के साथ स्कोर आगे जा रहा था। यूपी ने रेड अंक के साथ 25-25 की बराबरी की। राकेश नरवाल आए लेकिन बोनस लेने के बाद लपके गए। स्कोर अभी भी बराबरी पर था। बीते 10 मिनट में यूपी को 12 जबकि गुजरात को छह अंक मिले हैं। इस बीच, डू ओर डाई रेड पर आए गिल को लपक कर गुजरात ने 1 अंक की लीड ली। अगली रेड पर अजय ने दो अंक लिए और लीड 3 अंकों की कर दी। परदीप ने हालांकि डुबकी के साथ दो अंक लिए और अपने करियर का 61वां सुपर-10 पूरा किया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए। पांच मिनट बाकी है। गुजरात को एक अंक की लीड थी। यूपी ने डू ओर डाई रेड पर अजय को आउट कर न सिर्फ बराबरी की बल्कि परदीप को रिवाइव भी किया। स्कोर 31-31 था। राकेश नरवाल ने अपनी अगली रेड पर गुजरात को एक अंक की लीड दिलाई। अपनी अगली रेड पर परदीप ने रनिंग हैंड टच पर स्कोर बराबर किया। गुजरात की आखिरी रेड पर आए राकेश नरवाल खाली गए। यूपी के लिए परदीप आखिरी रेड पर आए। बोनस नहीं मिलना था। वह भी अंक नहीं ले सके। मुकाबला 32-32 से टाई रहा।



## आंद्रे रुबलेव पाए गए कोरोना से संक्रमित

**एटीपी कप और आस्ट्रेलियन ओपन के लिए कर रहे थे तैयारी**

**बार्सिलोना।** विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव इस महीने अबूधाबी में प्रदर्शनी टूनार्मेंट में भाग लेने के बाद कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। रुबलेव पांचवें टेनिस खिलाड़ी हैं जो इस प्रदर्शनी टूनार्मेंट में भाग लेने के बाद इस महामारी की चपेट में आए हैं। उनसे पहले स्पेन के राफेल नडाल, कनाडा के डेनिस शापोवालोव, स्विट्जरलैंड की ओलिंपिक चैंपियन बेलिंडा बेनसिक और ट्यूनिशिया के ओनस जाबेउर भी कोरोना पाजिटिव पाए गए थे। यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू अबूधाबी में टूनार्मेंट शुरू होने से पहले कोरोना पाजिटिव पाई गई थीं जिसके कारण वह इस प्रदर्शनी टूनार्मेंट से हट गई थीं। गत 18 दिसंबर को विश्व टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में एंडी मरे को हराने वाले 24 वर्षीय रुबलेव ने ट्विटर पर इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि उनमें कोरोना के हल्के लक्षण हैं और वह आइसोलेशन में हैं। कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद आंद्रे रुबलेव ने कहा, मैं फिलहाल बार्सिलोना में हूं और दुर्भाग्य से कोरोना पाजिटिव पाया गया हूं। मैं आइसोलेशन में हूं और डाक्टरों की निगरानी में सभी प्रोटोकाल का पालन कर रहा हूं। मैं पूरी तरह से वैक्सीनेटेड हूं और एटीपी कप तथा आस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी कर रहा था।

# भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने 2022 के अभियान को लेकर किया बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी रामपाल का कहना है कि उनकी टीम की खिलाड़ी 2022 में ऐतिहासिक अभियान को बढ़ाना चाहती हैं। भारतीय महिला टीम इस साल हुए टोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। भारतीय महिला टीम ने पहली बार टोक्यो ओलिंपिक खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, टीम सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक का मुकाबला हार गई थी। रानी रामपाल ने कहा, यह साल भावनात्मक रूप से उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो हमने काफी आनंद लिया जिसमें टोक्यो ओलिंपिक का ऐतिहासिक अभियान शामिल है। हमने अपने लिए लक्ष्य तय किया। हम अपने ऐतिहासिक अभियान को बढ़ाना चाहते हैं। 2022 का साल काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस वर्ष महत्वपूर्ण टूनार्मेंट होने हैं। अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर 2024 पेरिस ओलिंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहेंगे। इसके लिए हमें कदम दर कदम चलना होगा और हमारा पहला कदम महिला एशिया कप में बेहतर करना है।

देहरादून, पीटीआइ। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पेन में हुई 2021 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सम्मानित किया। लक्ष्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने लक्ष्य के माता-पिता को भी सम्मानित किया और उम्मीद जताई कि यह युवा खिलाड़ी अगली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतेगा। उन्होंने राज्य सरकार की नई खेल नीति के बारे में भी जानकारी दी जिसका उद्देश्य उभरते हुए खिलाड़ियों को अपना खेल निखारने का अधिक मौका देना है। धामी ने कहा कि राज्य के उधमसिंह नगर जिले में महिला खेल कालेज के अलावा खेल विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है।

## अभ्यास शिविर के लिए मास्को पहुंचे बजरंग पूनिया, बदलना चाहते हैं ओलिंपिक मेडल का रंग

**नईदिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया सत्र से पहले 26 दिन के अभ्यास शिविर के लिए सोमवार को मास्को पहुंच गए हैं, जहां वह 21 जनवरी तक तैयारियां करेंगे। टोक्यो ओलिंपिक के बाद बजरंग पहली बार अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अपने स्तर पर अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए काफी मेहनत की है और वे घर पर भी कसरत करते रहते हैं। ट्रेनिंग कैंप के लिए मास्को पहुंचे दमदार पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, टोक्यो ओलिंपिक के बाद यह मेरा पहला अभ्यास शिविर है और मुझे उम्मीद है कि यह मेरे लिए बहुत अच्छा रहेगा। मैंने रूस को इसलिए, चुना क्योंकि उसके पहलवानों ने ओलिंपिक खेलों और विश्व चैंपियनशिप में सबसे अधिक पदक जीते। मुझे अनुभवी पहलवानों के साथ अभ्यास करने का फायदा मिलेगा। खेल मंत्रालय के मिशन ओलिंपिक सेल (एमओसी) ने उनके इस दौरे के लिए कुल 7.53 लाख रुपये मंजूर किए हैं। बजरंग के साथ जितेंदर उनके अभ्यास के साथी और आनंद कुमार फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में गए हैं। बजरंग को आगे कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है।

# आस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट से इंजरी की वजह से डोमिनिक थिएम ने अपना नाम वापस लिया

**मेलबर्न।** पिछले साल के उप विजेता डोमिनिक थिएम कलाई की गंभीर चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के कारण इस साल आस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। आस्ट्रिया के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने जून में मालोर्का में दूसरे दौर में हार का सामना करने के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस नहीं खेला है। वह सितंबर में यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने भी नहीं उतरे थे। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी थिएम ने ट्विटर पर लिखा, 'दुबई में अभ्यास सत्र के बाद मैं आस्ट्रिया लौट चुका हूं। मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।

मेरी कलाई सुखद स्थिति में है और मैं सामान्य रूप से अभ्यास कर रहा हूं। मेरी टीम और मैंने सभी मामलों पर विचार किया और मेरे शुरूआती टूनार्मेंट कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए हैं। मैं अपने सत्र की शुरूआत अजेर्टीना में कोरडोबा ओपन से जनवरी के अंत में करूंगा। मैं इस साल आस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं लूंगा।' दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और नौ बार के चैंपियन नोवाक जोकोविक के टूनार्मेंट में हिस्सा लेने को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है क्योंकि उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण की अपनी स्थिति




को लेकर चुप्पी साध रखी है। इस बीच, राफेल नडाल, आंद्रे रुबलेव और डेनिस शापोवालोव हाल के हफ्तों में कोविड पाजिटिव पाए जाने के बाद उबर रहे हैं। आस्ट्रेलियन ओपन का आयोजन 17 जनवरी से होना है।

मेलबर्न, एपी। नाओमी ओसाका मंगलवार को मेलबर्न हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जिससे पेशेवर टेनिस में उनकी वापसी की इच्छा के संकेत मिलते हैं। नाओमी ने सितंबर से पेशेवर टूर पर हिस्सा नहीं लिया है। गत आस्ट्रेलियन ओपन महिला चैंपियन ओसाका को यूएस ओपन के तीसरे दौर में 18 साल की कनाडा की लैला फनार्डीज के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सितंबर से पेशेवर सर्किट से दूर चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता ओसाका ने 2019 और 2021 में आस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था।



## इयान बेल ने बताया, इंग्लैंड को सिलेक्शन कमेटी फिर से क्यों करनी चाहिए बहाल

**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज में करारी हार के मद्देनजर पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि इंग्लैंड को टीमों के चयन के लिए पारंपरिक चयन समिति बहाल करनी चाहिए। करीब सौ बरस बाद बदलाव की प्रक्रिया में इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने चयन समिति खत्म कर दी। तीन साल तक पद पर रहने के बाद अप्रैल में एड स्मिथ आखिरी मुख्य चयनकर्ता के रूप में विदा हुए। उसके बाद से मुख्य कोच क्रिस सिल्वरहुड राष्ट्रीय टीमों का चयन कप्तान जो रूट और इयोन मोर्गन की सलाह से करते हैं । बेल ने 'स्पोटर्स डे' से कहा ,'मुझे चयन समिति खत्म करने का फैसला काफी कठोर लगा। क्रिस सिल्वरहुड मुख्य कोच और चयनकर्ता भी हैं और ऐसे में खिलाड़ी कोच को ईमानदारी से कैसे बता सकेगा कि मुझे खेल के इस पहलू में परेशानी पेश आ रही है क्योंकि वही सारे फैसले लेने वाले हैं।' इंग्लैंड के लिए 118 टेस्ट और 161 वनडे खेल चुके बेल ने कहा कि चयनकर्ता वह होना चाहिये जो ड्रेसिंग रूम का हिस्सा नहीं हो और रोजाना खिलाड़ियों से बात नहीं करता हो ।

उन्होंने कहा ,' चयन समिति का प्रमुख वह होना चाहिये जो ड्रेसिंग रूम के बाहर रहता हो। वह जज्बाती तौर पर सभी खिलाड़ियों से जुड़ा नहीं हो या रोजाना उनसे बात नहीं करता हो।'

# क्या फिर से चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलना चाहेंगे अंबाती रायुड

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के लिए मेगा ऑक्शन होना है और इसमें कई बड़े खिलाड़ियों की बोली लगेगी। इस बार दो नई आईपीएल फ्रेंचाइजी टीमें भी मैदान में उतरेंगी। पहले की आठ फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने रिटेन्ड खिलाड़ियों की लिस्ट पहले ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने अंबाती रायुडू को रिटेन नहीं किया, लेकिन इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि सीएसके मेगा ऑक्शन में उन पर दांव लगाएगी। सीएसके ने रविंद्र जडेजा, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली और ऋतुराज गायकवाड़ को रिटेन करने का फैसला लिया है। रायुडू ने हालांकि इस बात की पुष्टि की है कि अभी तक सीएसके की ओर से उन्हें किसी ने कॉन्टैक्ट नहीं किया है। सीएसके के लिए खेलने को लेकर रायुडू ने कहा, 'मेरा सीएसके के साथ काफी खास रहा है। हम अभी तक दो आईपीएल ट्रॉफी जीत चुके हैं और एक फाइनल में पहुंच चुके हैं। 2018 बहुत खास सीजन था, सीएसके के लिए कमबैक सीजन और हमारा आईपीएल जीतना इसे और खास बनाता है। रायुडू ने कप्तान धोनी की भी जमकर तारीफ की और कहा



कि उन्होंने उनसे बेस्ट प्रदर्शन करवाया। रायुडू ने कहा कि धोनी का असर सिर्फ मुझ पर ही नहीं टीम के बाकी खिलाड़ियों पर भी काफी रहा है। रायुडू ने कहा, 'मेरा बेस्ट प्रदर्शन कराने में धोनी भाई का बड़ा हाथ रहा है। सिर्फ मुझसे ही नहीं उन्होंने बाकी खिलाड़ियों से भी बेस्ट प्रदर्शन करवाया। इसलिए वह भारत के सर्वकालिक बेस्ट कप्तान हैं।

## कोविड-19 के चलते रद्द हुई अमेरिका और आयरलैंड के बीच ओठीआई सीरीज

**फोर्ट लॉडरडेल।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच अमेरिका और आयरलैंड के बीच होने वाली वनडे इंटरनेशनल सीरीज फिलहाल रद्द कर दी गई है। सीरीज का पहला मैच 28 दिसंबर को खेला जाना था। पहले सिर्फ 28 दिसंबर को होने वाला मैच स्थगित हुआ था, लेकिन अब दोनों क्रिकेट बोर्ड्स ने पूरी सीरीज रद्द करने का फैसला लिया है। आयरलैंड टीम के सपोर्ट स्टाफ के दो सदस्य



पॉजिटिव पाए गए थे। इसके अलावा खिलाड़ियों के साथियों में भी कुछ पॉजिटिव केस मिले थे, जिनमें से आयरलैंड के दो क्रिकेटर करीबी संपर्क में थे। सभी खिलाड़ियों की जांच रिपोर्ट हालांकि नेगेटिव आई है। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच रद्द किया जा चुका था। दूसरे वनडे को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि अंपायरिंग टीम और अमेरिकी टीम के सदस्यों में कुछ पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। एक संयुक्त बयान में अमेरिकी क्रिकेट और क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, 'कोविड-19 पॉजिटिव के बढ़ते मामलों के कारण दोनों बोर्ड ने बाकी दो मैच रद्द करने का फैसला किया है।' दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी।

## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से पहले भारत को भारत में हराना चाहते हैं डेविड वॉर्नर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने इस ओर इशारा किया है कि वह 2023 में इंग्लैंड में होने वाली एशेज सीरीज तक टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रख सकते हैं। 35 साल के वॉर्नर अपना लिमिटेड ओवर फॉर्मेट करियर बढ़ाने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में पहले भी चर्चा कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से पहले वह ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारत में और इंग्लैंड में होने वाली एशेज सीरीज में जीत दिलाना चाहते हैं। वॉर्नर मौजूदा समय में दुनिया के बेस्ट बल्लेबाजों में गिने जाते हैं, लेकिन भारतीय पिचों पर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक वॉर्नर ने कहा, 'हमने अभी तक भारत को भारत में नहीं हराया है। ऐसा करना शानदार होगा, और हां इंग्लैंड को भी। हमने 2019 में सीरीज ड्रॉ कराई थी, लेकिन उम्मीद करता हूं कि तब तक खेलूं और फिर से वहां जाऊं।' 2019 एशेज सीरीज इंग्लैंड में खेली गई थी, जो ड्रॉ पर छूटी थी। वॉर्नर ने इसके अलावा इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जेम्स एंडरसन ने आज के समय में बाकी खिलाड़ियों के लिए बेंच मार्क सेट किया है।' एंडरसन 39 साल के हैं, वह लिमिटेड ओवर फॉर्मेट खेलना छोड़ चुके हैं लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अभी भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वॉर्नर की बात करें, तो इस एशेज सीरीज में वह अच्छी फॉर्म में नजर आए हैं। वॉर्नर ने तीन मैचों की चार पारियों में 60 की औसत से अभी तक 240 रन बनाए हैं। मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और साथी खिलाड़ी ट्रैविस हेड के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

# पवार ने की मोदी की तारीफ, कहा- मैंने यूपीए सरकार में उनके खिलाफ बदले की राजनीति का विरोध किया था

**पुणे।** एनसीपी चीफ शरद पवार ने बुधवार को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए बताया कि कैसे यूपीए सरकार में अधिकतर मंत्री उनके खिलाफ थे और उस समय गुजरात सरकार के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाने की हिमायत करते थे। एक कार्यक्रम के दौरान पवार ने यह भी स्पष्ट किया कि कैसे उन्होंने और तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह उस समय गुजरात के सीएम रहे नरेंद्र मोदी के खिलाफ किसी भी तरह के बदले की कार्रवाई का विरोध किया था। पवार ने यह भी कहा कि यूपीए सरकार में उनके अलावा ऐसा कोई नहीं था जो उस समय मोदी से बात कर सकता था क्योंकि वह लगातार मनमोहन सरकार पर हमला बोलते रहे थे। बता दें कि 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार में शरद पवार कृषि मंत्री थे।

मोदी के काम करने के तरीके की तारीफ करते हुए पवार ने यह भी कहा कि वह एक बार कोई काम शुरू करते हैं तो उसे पूरा करते हैं। पवार ने कहा, 'उनका स्वभाव ऐसा है कि एक बार जब वह किसी भी कार्य को हाथ में ले लेते हैं, तो वह यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि जब तक वह (कार्य) समाप्त नहीं हो जाता, तब तक वह नहीं रुकेंगे। प्रशासन पर उनकी अच्छी पकड़ है और यही उनका मजबूत पक्ष है।'



शरद पवार से सवाल किया गया कि ऐसे समय में जब नरेंद्र मोदी सीएम थे और तत्कालीन सरकार के साथ ही केंद्रीय एजेंसियां उनके पीछे थीं, तब वह और मनमोहन सिंह मोदी के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने के पक्ष में थे। इसपर पवार ने जवाब दिया कि यह कुछ हद तक सच है। शरद पवार ने कहा, 'जब मोदीजी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, मैं केंद्र में था। पीएम जब सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाते थे, तब बीजेपी शासित राज्यों के सीएम की अगुवाई मोदी करते थे और केंद्र पर हमलावर रहते थे। इसलिए ऐसी स्थिति में मोदी से निपटने के लिए रणनीति बनाई जाती थी। यूपीए सरकार में मेरे अलावा एक भी ऐसा मंत्री नहीं था जो मोदी से बात कर सके।'

81 वर्षीय पवार ने कहा कि यूपीए की अंदरूनी बैठकों में वह सबको यही समझाते थे कि चाहे उनके और मोदी के बीच या बीजेपी के साथ कितने भी मतभेद हों लेकिन किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुख्यमंत्री हैं। पवार ने कहा, 'मैं बैठकों में कहा करता था कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं और लोगों ने उन्हें चुना है। अगर वह यहां कुछ मुद्दों के साथ आ रहे हैं, तो यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है कि मतभेदों को दूर किया जाए और उनके राज्यों के लोगों के हितों पर असर न हो। शरद पवार ने यह भी कहा कि वह अकेले ऐसे मंत्री थे जो गुजरात जाकर वहां की समस्याओं को समझते थे। उन्होंने कहा, 'मैं और मनमोहन सिंह यह राय रखते थे कि मोदी के खिलाफ बदले की राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम यह राय रखते थे कि हमें स्थापित कार्यशैली से बाहर जाकर कुछ नहीं करना चाहिए और हमने ऐसा कभी किया भी नहीं। हालांकि, एनसीपी नेता ने यह भी कहा कि यूपीए गठबंधन के कुछ सदस्य ऐसे थे जो गुजरात सरकार और वहां के कुछ लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के हिमायती थे।

# कोरोनाः यूपी में तीसरी लहर ने दी दस्तक, 48 घंटे में तीन गुना बढ़े संक्रमित, सीएम योगी ने दिए यह निर्देश



**लखनऊ।** देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यूपी में भी बीते 48 घंटे में संक्रमितों का आंकड़ा लगभग तीन गुना हो गया है। पिछले 24 घंटे में हुई दो लाख से ज्यादा कोविड सैंपलों की जांच में कोरोना संक्रमण के 118 नए मामलों की पुष्टि हुई है। एक दिन यह आंकड़ा 80 था। वहीं लखनऊ में 25 नए केस आए हैं। इससे पूर्व प्रदेश में 10 जुलाई को 100 केस मिले थे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक की और प्रदेश के चिकित्सा इंतजामों की गहनता से पड़ताल के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी स्वयं जिले के हर एक अस्पताल में उपलब्ध साधन-सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करें।

आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, बच्चों के लिए जरूरी पीआईसीयू, पीडियाट्रिक विशेषज्ञ, वेंटिलेटर आदि की जांच कर ली जाए। अगर कहीं कोई कमी मिले तो तत्काल व्यवस्था सुधारकर इंतजाम दुरुस्त करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कोरोना के ताजा हालात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सख्ती से रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू लागू किया जाए। पुलिस लगातार गश्त करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के किसी भी राज्य से अथवा विदेश से प्रदेश की सीमा में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग/टेस्टिंग की जाए। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निगरानी समितियों को फिर एक्टिव करें। गांव-शहरी वार्डों में बाहर से आने वाले हर एक व्यक्ति की टेस्टिंग कराएं।

आवश्यकतानुसार लोगों को क्वारंटीन कर मेडिकल किट उपलब्ध कराया जाए। दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जरूरत के मुताबिक दवाओं की खरीद पहले से ही कर ली जाए। यूपी में फिलहाल ओमिक्रॉन वेरिएंट का कोई एक्टिव केस नहीं है। अब तक यहां मिले तीनों ही ओमिक्रॉन के मरीज कोविड निगेटिव हो चुके हैं। इस बीच खतरे की आहट को देखते हुए सतर्कता के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में रात 11 से सुबह 05 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। हर आम-ओ खास को घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की हिदायत दी गई है। बाजारों में बिना मास्क वाले लोगों को सामान न देने के लिए व्यापारियों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# पीयूष जैन के घर सर्च ऑपरेशन पूरा, आठ गत्तों में तेल का सैंपल, चार थैलों में दस्तावेज ले गई जीएसटी विजिलेंस टीम

**कन्नौज।** कन्नौज में इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर सर्च ऑपरेशन चलाने और करोड़ों की रकम व सोना और चंदन तेल की रिकवरी के बाद जीएसटी की विजिलेंस टीम वापस हो गई। टीम अपने साथ चंदन तेल का सैंपल और दस्तावेजों से भरा बैग भी ले गई है। जीएसटी में गड़बड़ी के आरोप में शहर के छिपट्टी मोहल्ला के रहने वाले इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर पर सर्च ऑपरेशन का काम पूरा हो गया है। शुक्रवार शाम चार बजे से शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन बुधवार तड़के तीन बजे तक चला। इस दौरान टीम ने यहां रिहायशी मकान के अलावा कारोबारी ठिकानों से 19 करोड़ की रकम और 23 किलो सोना के अलावा 600 लीटर चंदन का तेल बरामद किया है।

बरामद रकम को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों को बुलाकर गिनती करवाने के बाद उन्हें बैंक में ही जमा करा दिया गया है। बरामद सोने को डीआरआई टीम को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया। चंदन के तेल के सैंपल को अलग-अलग करीब एक हजार शीशियों में भरकर टीम अपने साथ ही ले गई।

इसके अलावा यहां सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई बरामद हुए दस्तावेज को अलग-अलग चार बड़े थैलों में भरकर ले जाया गया है। टीम के सदस्य मंगलवार देर रात दस्तावेजों को तैयार करते रहे। रात करीब तीन बजे सभी सदस्य एक-एक करके बाहर निकले और अपनी-अपनी गाड़ियों से रवाना हो गए। सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद विजिलेंस टीम ने पीयूष जैन के बेटे प्रत्यूष की मौजूदगी में मकान के दरवाजों पर ताला लगाया। ताला लगाने के बाद चाबी प्रत्यूष के हवाले करने के बाद टीम यहां से रवाना हो गई। अहमदाबाद डीजीजीआई के एडिशनल डायरेक्टर जाहिर हुसैन ने कहा, 'जांच प्रक्रिया पूरी हो गई है। बरामद रकम बैंक में जमा करा दी गई है। जो 23 किलो सोना मिला है, उसमें से 12 सोने की ईंट दुबई और स्विट्जरलैंड की हैं। इनकी डीआरआई जांच करेगी। चंदन तेल और दूसरे तेलों के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे।'

# यूपीः सामने आई कांग्रेस की अंतर्कलह, प्रदेश अध्यक्ष लल्लू ने चुनाव आयोग से मिले प्रतिनिधिमंडल को बताया अनधिकृत, जानें मामला

**लखनऊ।** चुनाव आयोग से राजनीतिक दलों की मुलाकात के मामले में कांग्रेस की अंदरूनी कलह सार्वजनिक हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र को पत्र लिखकर कहा है कि मंगलवार को उनसे मिलने वाला कांग्रेस का शिष्टमंडल पार्टी की ओर से अधिकृत नहीं था। जबकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की सूची में शामिल ओंकार नाथ सिंह, वीरेंद्र मदान और अनस खान ने ही कांग्रेस पार्टी का पक्ष रखा था। दूसरी तरफ, ओंकार नाथ सिंह ने आहत होकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मंगलवार को केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी।



कांग्रेस की तरफ से इन तीनों नेताओं ने पार्टी का पक्ष रखा लेकिन बुधवार को इसमें नाटकीय मोड़ तब आ गया जब प्रदेश अध्यक्ष ने इस प्रतिनिधिमंडल को ही अनधिकृत करार दे दिया।

आयुक्त को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि 30 दिसंबर को पार्टी की ओर से अधिकृत शिष्टमंडल उनसे मुलाकात करना चाहता है। जिसमें उनके अलावा आराधना मिश्र मोना, पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी शामिल रहेंगे। नियमानुसार चुनाव आयोग जब राजनीतिक दलों से मुलाकात करता है तो पार्टी कार्यालयों से प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकृत लोगों के नाम भेजे जाते हैं और आयोग उन्हीं लोगों से मिलता है जिनके नाम उसके पास आते हैं। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, ये नेता लंबे समय से चुनाव आयोग की बैठकों में जा रहे थे। ऐसे में इस तरह का आरोप समझ से परे हैं। मीडिया व कम्युनिकेशन विभाग के सदस्य ओंकार नाथ ने सभी पदों से इस्तीफा देते हुए यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि निर्वाचन आयुक्त की बैठक में मुझे, वीरेंद्र मदान व अनस को अधिकृत किया गया। चुनाव आयोग से हमारे पास फोन आया तब हम वहां गए। बैठक में जाने से पहले वरिष्ठ नेता सतीश आजमानी व प्रदेश अध्यक्ष से मैंने पार्टी के स्टैंड को लेकर चर्चा भी की। प्रदेश अध्यक्ष ने हमें कोई पार्टी लाइन नहीं दी और कहा कि पहले उन्हें कहने दीजिएगा। मैंने आयोग को जो ज्ञापन सौंपा उसे सतीश आजमानी को दिखाया और सुधार करवाया। इसके बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान अपमानजनक है।

# विरोध के बीच नगालैंड में एफएसपीए को 6 महीने के लिए बढ़ाया गया, गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली।** नगालैंड में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट 1958 यानी अत्रऋढअ अभी लागू रहेगा। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक आदेश में कहा गया है कि नगालैंड में यह कानून अभी अगले 6 महीनों तक के लिए आगे भी लागू रहेगा। इस कानून में सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां हासिल हैं। अभी कुछ समय पहले इस कानून का नगालैंड में विरोध हो रहा था और इसे हटाने की मांग उठ रही थी। इस बीच इस कानून को 6 महीने का विस्तार दिये जाने की वजह से राज्य में एक बार इसका विरोध शुरू हो सकता है। केंद्र सरकार ने पूरे नगालैंड को 'डिस्टर्ब एरिया' घोषित किया है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि नगालैंड इतनी अशांत, खतरनाक स्थिति में है कि नागरिक प्रशासन की मदद के लिए सशस्त्र बलों का इस्तेमाल आवश्यक है।



इस कानून के तहत सेना पांच या इससे ज्यादा लोगों को एक जगह इक्ट्ठा होने से रोक सकती है। इसके तहत सेना को चेतावनी देकर गोली मारने का भी अधिकार है। ये कानून सेना को बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत देता है। इसके तहत सेना किसी के घर में बिना वारंट के घुसकर तलाशी ले सकती है। गोली चलाने के लिए किसी के भी आदेश का इंतजार नहीं करना और अगर उस गोली से किसी की मौत होती है तो सैनिक पर हत्या का मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता है। अगर राज्य सरकार या पुलिस प्रशासन, किसी सैनिक या सेना की टुकड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करती है तो कोर्ट में उसके अभियोग के लिए केंद्र सरकार की इजाजत जरूरी होती है।

हालांकि, अभी कुछ दिनों पहले नगालैंड के मोन जिले में सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलीबारी में कई लोगों की हुई मौत के बाद इस कानून को हटाने की मांग उठी थी। नगालैंड के कई मानवाधिकार संगठन और यहां तक कि खुद राज्य सरकार ने भी इस कानून को हटाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने का वादा किया था और समाज के सभी वर्गों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने कहा था, "हम केंद्र सरकार से नागालैंड से अफस्पा हटाने की मांग कर रहे हैं। इस कानून ने देश की छवि खराब की है। मैंने केंद्रीय गृह मंत्री से बात की है, वह मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हालांकि, इससे पहले भी कई बार सुरक्षा बलों पर इस कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लग चुका है। ये आरोप फर्जी एनकाउंटर, यौन उत्पीड़न आदि के मामले को लेकर लगे हैं। यह कानून मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है।

बता दें कि इसी महीने 4 दिसंबर को मोन जिले के ओटिंग गांव में एक ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने एक पिक-अप वैन पर फायरिंग कर दी थी, जिसमें काम से लौट रहे 13 आम नागरिकों की मौत हो गई थी। इसके बाद एक अन्य गांव वाले की मौत प्रदर्शन के दौरान हुई फायरिंग में हो गई थी। उस वक्त सुरक्षा बलों ने माना था कि यह फायरिंग गलतफहमी में हुई थी। एक जवान समेत कुल 15 लोगों की मौत ने यहां लोगों को झकझोर कर रख दिया था। उस वक्त केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने भी घटना पर दुख जताया था और कहा था कि नगालैंड के ओटिंग में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना से व्यथित हूं। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राज्य सरकार द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय एसआईटी इस घटना की गहन जांच करेगी ताकि शोक संतप्त परिवारों को न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# नवजोत सिंह सिद्धू को बड़ा झटका, जाखड़ बोले- पंजाब में कांग्रेस नहीं करेगी सीएम कैंडिडेट की घोषणा

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू खुद को अगले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश कर रहे हैं। हालांकि, उनके इस दावे को झटका लगा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने उन अफवाहों की पुष्टि की है कि कांग्रेस आगामी चुनाव के लिए मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं करेगी। पंजाब कांग्रेस की प्रचार समिति के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि पार्टी संयुक्त नेतृत्व के तहत चुनाव लड़ेगी।



कांग्रेस के इस कदम का उद्देश्य राज्य में जातिगत समीकरणों को संतुलित करना और पार्टी के भीतर अंदरूनी कलह को रोकना है। पंजाब में पार्टी के शीर्ष चेहरे विभिन्न समुदायों से आते हैं, जिसका उद्देश्य सभी चुनावी रूप से महत्वपूर्ण समूहों के वोट बैंक में साथ करके संख्या को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी दलित समुदाय से आते हैं। पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू एक सिख नेता हैं। वहीं, सुनील जाखड़ एक जाट हैं, जो कि चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख भी हैं। इनके अलावा दो उपमुख्यमंत्री (सुखजिंदर सिंह रंधावा जो कि एक जाट सिख हैं और ओपी सोनी जो कि हिंदू समुदाय से हैं) की जोड़ी एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश करती दिखाई देती है। पंजाब कांग्रेस इस साल की शुरूआत में पार्टी नेताओं द्वारा खुले विद्रोह के बाद बड़े संकट से गुजरी थी, जो मुख्यमंत्री पद से अमरिंदर सिंह को हटाने के साथ समाप्त हो गया था। तब राज्य को अपना पहला दलित मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के रूप में मिला। नवजोत सिंह सिद्धू, जिन्होंने पंजाब कांग्रेस संकट के दौरान कैप्टन पर हमले का नेतृत्व किया।



# ऑस्ट्रेलिया में भी बढ़ा ओमिक्रॉन का खौफ, एक दिन में सबसे ज्यादा मामलों का टूटा रिकॉर्ड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से एक बार फिर संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। देश में कुछ दिन पहले 24 घंटे में आने वाले मामलों की संख्या पहली बार 10 हजार के पार गई थी लेकिन शुक्रवार को यह संख्या उस रिकॉर्ड को भी तोड़कर 32 हजार से अधिक तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण के मामले बढ़ने की वजह अपेक्षाकृत अधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वैरिएंट और सिडनी और अन्य इलाकों में पांबदियों में दी गई ढील है। अधिकारियों ने बताया कि संक्रमण के 15 हजार से अधिक मामले सिडनी में आए हैं जबकि पांच हजार मामले न्यू साउथ वेल्स राज्य के अन्य हिस्सों में आए हैं। विक्टोरिया राज्य में करीब छह हजार मामले आए हैं जहां पर देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य मेलबर्न है।

संक्रमण के मामलों में वृद्धि की वजह से अस्पताल भर्ती होने वालों और मरने वालों की भी संख्या बढ़ रही है। हालांकि यह स्थिति महामारी की पिछली लहर के स्तर पर नहीं पहुंची है। इसलिए सिडनी के मशहूर हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस सहित कई शहरों में नववर्ष की शुरूआत आतिशबाजी से करने की योजना पहले जैसी ही है। बहरहाल, अधिकारियों का मानना है कि इन आयोजनों में महामारी पूर्व के मुकाबले कम भीड़ जुटेगी। महामारी से पूर्व सिडनी में करीब 10 लाख लोगों की भीड़ नववर्ष मनाने के लिए जुटती थी।

# 2022 में दुनिया की अर्थव्यवस्था को पांच बड़े खतरे

**नई दिल्ली।** मौजूदा कोविड महामारी ने वैश्विक आर्थिक बहाली को पीछे धकेल दिया है. लेकिन नये साल में निवेशकों की उम्मीदों और इरादों को झटका दे सकने वाले, कोरोना के अलावा और भी खतरे हैं.महामारी से उपजे हालात के बाद 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था ने मजबूती से वापसी की थी. साल के दूसरे हिस्से में उसकी तेजी कुछ कम हुई थी और उसकी वजह थी महामारी के नए मामले, सप्लाई चेन के अवरोध, श्रम की किल्लत और कोविड-19 टीकों की सुस्त आमद, खासकर कम आय वाले विकासशील देशों में. धीमी गति की इस बहाली ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और 38 सदस्यों वाली आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अर्थशास्त्रियों को वैश्विक वृद्धि की अपनी भविष्यवाणियों को क्रमशः अक्टूबर और दिसंबर में एक साल के लिए हल्की कटौती करने के लिए बाध्य किया था. 2022 के लिए उन्होंने अपना नजरिया बनाए रखा

लेकिन आगाह भी किया कि कोविड वैरिएंट वृद्धि को बाधित कर सकते हैं. उन्होंने वैश्विक आबादी के एक बड़े हिस्से के तेजी से टीकाकरण करने की जरूरत पर जोर दिया था. महामारी अभी भी वैश्विक वृद्धि में एक बड़े खतरे की तरह मौजूद है लेकिन 2022 में निवेशकों की सांसें अटकाने वाला ये अकेला खतरा नहीं ह।

टीकानिरोधी कोविड वैरिएंट नवंबर में वित्तीय बाजार में एक डर फैला था, एक नये कोरानावायरस वैरिएंट ओमिक्रॉन का, जिसका पता साउथ अफ्रीका में चला था. तेजी से फैलने वाले इस वैरिएंट के खौफ से वैश्विक वित्तीय और उत्पाद बाजार हिल गए. अगले सप्ताह तक वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव चलता रहा. निवेशक नये वैरिएंट के आर्थिक निहितार्थों को समझने की कोशिश में जूझते रहे. आर्थिक बहाली को अवरुद्ध करने वाले वैरिएंट पर काबू रखने के लिए सरकारें कड़े प्रतिबंध लगाती रहीं. थोड़े बहुत शुरूआती साक्ष्यों और विशेषज्ञों की टिप्पणियों में ओमिक्रॉन की आमद की आशंका व्यक्त की गई थी. उसे डेल्टा वैरिएंट के मुकाबले ज्यादा संक्रामक बताया गया और ये भी कि वह उतना घातक नहीं होगा और मौजूदा टीकों या उपचारों से मुहैया रोग प्रतिरोधक क्षमता को नहीं तोड़ पाएगा. वैज्ञानिक अभी भी डाटा का विश्लेषण कर रहे हैं. इस बीच जेपी मॉर्गन से जुड़े रणनीतिकारों ने कहा है कि ओमिक्रॉन अगर कम मारक पाया गया तब वो महामारी के अंत को ही तेज करने की ओर बढ़ेगा।

यानी वो महामारी को स्थानीय बीमारी के रूप में तब्दील कर देगा. ये संभव है कि ओमिक्रॉन की वजह से आर्थिक बहाली पटरी से नहीं उतरेगी लेकिन भविष्य का कोई वैरिएंट ऐसा खतरा पैदा कर सकता है. जानकार आगाह करते रहे हैं कि अगर महामारी फैली है तो संभव है कि टीकानिरोधी कोविड वैरिएंट का उभार देखने को मिलेगा जो लॉकडाउन जैसे उपाय करने के लिए मजबूर कर सकता है।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506

# प्रयागराज संदेश

## समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

















